● वर्ष : 17 ● अंक : 159 ● मूल्य : 02 रुपया मात्र ● पृष्ठ : 08

LKS

दैनिक लोकतंत्र की शान

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 30 मार्च 2026

लोकतंत्र का स्तंभ

# जागरूक रहें, बहकावे में न आएं: पीएम

## मन की बात के 132वें एपिसोड : ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचने और एकजुटता का आह्वान

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने

### युवाओं, खेल और फिटनेस पर दिया विशेष जोर




अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान भारतम्' पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की उपलब्धि का जिक्र किया, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वह एक घंटे से कम समय में हाफ मैराथन पूरा करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने अनाहत सिंह द्वारा स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीतने और 8 मार्च को 'अस्मिता' महिला लीग के आयोजन का भी उल्लेख किया और कहा कि देश में नारी शक्ति खेलों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ने हर बार की तरह इस बार भी स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने नियमित व्यायाम, योग और संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया। एक प्रसंग में उन्होंने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के अनुरोध का उत्तर दिया, जिसका उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा और उन्होंने शुगर का सेवन कम कर दिया। उन्होंने बेंगलुरु के 'प्रयोग इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन रिसर्च' के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह संस्थान बच्चों को विज्ञान के व्यावहारिक अनुभव से जोड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने नागा समुदाय की 'मोरुंग' प्रणाली का उल्लेख किया, जो परंपरा और आधुनिक शिक्षा का समन्वय प्रस्तुत करती है।

### युवाओं और खेलों पर विशेष जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और युवाओं की भागीदारी से राष्ट्र निर्माण को नई दिशा मिलती है। उन्होंने "माय भारत" जैसे संगठनों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। खेलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने टी-20 विश्व कप और रणजी ट्रॉफी में भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ रहा है, खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी उल्लेखनीय है।

### फिटनेस और स्वास्थ्य पर जोर

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अपनी जीवनशैली में सुधार लाने की अपील करते हुए कहा कि योग और नियमित व्यायाम को अपनाना जरूरी है। उन्होंने शुगर और खाने के तेल के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह दी, ताकि जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचा जा सके। अंत में उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और सीखने की इच्छा ही सफलता की कुंजी है, और देश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय



### आसमान से गिरे, खजूर में अटके ट्रंप

राजनीति में ताकत का प्रदर्शन ही सबसे बड़ी रणनीति माना जाता है। इतिहास गवाह है, अति-आत्मविश्वास कई बार सबसे बड़ी कमजोरी और नुकसान का करण बन जाता है। वर्तमान में कुछ ऐसी ही स्थिति अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संदर्भ में देखने को मिल रही है। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से उन्होंने दुनिया के देशों को टैरिफ युद्ध के माध्यम से हड़काकर स्वयंभू शांतिदूत के रूप में सारी दुनिया में स्थापित होना चाह रहे थे। 1 साल में ही वह "आसमान से गिरे, खजूर में अटके" वाली कहावत को चरितार्थ करते नजर आ रहे है। ट्रंप ने अपने कार्यकाल में खुद को एक आक्रामक और निर्णायक नेता के रूप में सारे विश्व के देशों पर अपना वर्चस्व बनाने की कोशिश कर रहे थे। वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहे थे।

मध्य-पूर्व देशों की जटिल राजनीति में उनका यह रवैया पिछले 1 वर्ष में चर्चाओं में बना रहा। इजराइल और फिलिस्तीन की लड़ाई में वह इजरायल के पक्ष में खड़े थे। गाजा में हजारों मासूम बच्चों और महिलाओं की हत्या हुई। रूस और यूक्रेन के युद्ध में वह नाटो देश और अमेरिका के मित्र देशों के साथ जिस तरह का व्यवहार कर रहे थे, इसका असर सारी दुनिया के देशों में देखने को मिला। इसराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव और इजराइल के साथ उनकी नजदीकी ने हालात को पेचीदा बना दिया है। इजराइल और ईरान के युद्ध मे अमेरिका को झोंक देने के कारण समय-समय पर तरह-तरह की बयानबाजी करने से आज ट्रंप सारी दुनिया में अलग-थलग पढ़ते चले जा रहे हैं।

कहा जाता है, "ऊंट जब पहाड़ के नीचे आता है तब उसे अपनी असलियत समझ आती है। ट्रंप के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। जो नेता खुद को विश्व राजनीति का निर्णायक मानकर अहंकार दिखा रहा था, अपने आपको दुनिया का सर्वशक्तिमान मानकर चल रहा था, आज वही ट्रम्प ऐसी स्थिति में फंस गये हैं, जहां से वह आगे भी नहीं बढ़ पा रहे हैं और नाही पीछे हट पा रहे हैं। पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यह स्थिति "धोबी का कुत्ता, न घर का न घाट का" जैसी होती हुई दिख रही है।

मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष ने सवाल खड़ा कर दिया है। क्या अमेरिका अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपनी रणनीति के तहत आगे बढ़ रहा है, या वह इजरायल के हितों के कारण स्वयं और अमेरिका को उलझाता जा रहा है। ईरान की ओर से हाल ही में मुस्लिम देशों को दिया गया संदेश इस पूरे परिदृश्य मे अमेरिका की स्थिति को और भी गंभीर बना रहा है। अरब देशों के साथ अमेरिका का कई दशकों से सुरक्षा संबंधी समझौता था। खाड़ी के अधिकांश देशों में अमेरिका ने अपने सैन्य अड्डे बनाए हुए थे। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का पूरा कारोबार डॉलर मुद्रा में होता था, जिसके कारण अमेरिका का एकाधिकार था। ईरान ने जिस तरह से खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को तबाह किया है, उसने असलियत सामने ला दी है।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु चुनाव: टीवीके ने की उम्मीदवारों की घोषणा, एक्टर विजय दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव



**चेन्नई।** तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले अभिनेता और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने रविवार को अपनी पार्टी के उम्मीदवारों की सूची का ऐलान किया। 234 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। सबसे बड़ी खबर यह रही कि विजय खुद दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। वे त्रिची ईस्ट और चेन्नई के परम्बूर से मैदान में उतरेंगे। दोनों सीटों पर उनका नाम सी जोसेफ विजय के रूप में दर्ज है। यह पहली बार है जब विजय सीधे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक टीवीके के महासचिव एन आनंद टी नगर से, कोषाध्यक्ष वेंकट रमनन मायलापुर से और आधव अर्जुन विल्लिवाक्कम से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा गोबीचेट्टीपालयम से के सेंगोट्टयान, तिरुचेंगोडे से केजी अरुणराज, तिरुपरनकुंडम से सीटीआर निर्मल कुमार, थाउजेंड लाइट्स से जेसीडी प्रभाकर, कोलाथुर से वीएस बाबू और आरके नगर से डॉ मारिया विल्सन को टिकट दिया गया है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ-साथ विजय ने युवाओं के लिए कई बड़े वादे भी किए हैं। पार्टी ने ऐलान किया कि अगर टीवीके सरकार बनी तो 29 साल से ज्यादा उम्र के उन युवाओं को हर महीने 4,000 रुपए दिए जाएंगे जिन्हें अभी तक नौकरी नहीं मिली है।

### इस्लामाबाद में अहम बैठक: तीन देशों के विदेश मंत्री पहुंचे, ईरान संकट पर कूटनीतिक पहल हुई तेज

**इस्लामाबाद।** ईरान से इजरायल- अमेरिका के बढ़ते सैन्य तनाव और संभावित युद्ध की स्थिति को समाप्त करने के प्रयास तेज हो गए हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक शुरू हुई है। इस बैठक की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है, जिसे क्षेत्रीय स्तर पर एक बड़ी कूटनीतिक पहल माना जा रहा है। बैठक के दौरान इशाक डार ने मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती से मुलाकात की। इसके अलावा वे तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ताएं भी करेंगे। इन सभी नेताओं की शहबाज शरीफ से भी मुलाकात प्रस्तावित है। पाकिस्तान ने खुद को इस पूरे संकट में एक मध्यस्थ के रूप में पेश किया है। उसने ईरान को अमेरिका की ओर से तैयार 15 सूत्रीय प्रस्ताव भी सौंपा है। इस प्रस्ताव में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह बंद करने, मिसाइल कार्यक्रम में कटौती, क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन रोकने और बदले में आर्थिक प्रतिबंधों में राहत देने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। फिलहाल ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, पाकिस्तान के सऊदी अरब और ईरान दोनों के साथ करीबी और संतुलित संबंध हैं, जिससे वह इस तरह की वार्ता के लिए उपयुक्त स्थान बनता है। पहले यह बैठक तुर्किये में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे इस्लामाबाद स्थानांतरित कर दिया गया। पाकिस्तान की तटस्थ भूमिका और क्षेत्रीय देशों के साथ उसके स्थिर संबंधों ने इस पहल को संभव बनाया है।

## हिमाचल में अचानक बदला मौसम, मनाली लाहौल घाटी में बर्फबारी शुरू, लौटी ठंड

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली और लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है, जिससे अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल समेत लाहौल के कई ऊपरी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। शनिवार देर रात से मनाली के ऊपरी क्षेत्रों और लाहौल घाटी में बारिश हो रही थी, जो सुबह होते-होते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी में तब्दील हो गई। लाहौल के कोकसर, जिस्पा, दारचा, शिंकुला और बारालाचा -ला सहित रोहतांग टॉप के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई, जिसके चलते घाटी पूरी तरह बर्फ की सफेद चादर से ढकी नजर आई और नज़ारा मनमोहक नजर आने लगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काफी दिनों तक मौसम साफ रहने के बाद आए इस अचानक बदलाव ने घाटी में एक बार फिर ठंड लौट आई है जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है, वहीं मनाली समेत कुल्लू जिले के



निचले इलाकों में लगातार बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 29 मार्च से 3 अप्रैल तक मौसम खराब रह सकता है। इस दौरान 29 से 31 मार्च और 2-3 अप्रैल को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि 1 अप्रैल को ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 29-30 मार्च और 2-3 अप्रैल को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

## तेहरान में शक्तिशाली धमाके, कुर्द इलाके में हमला

एजेंसी। तेहरान/बगदाद

ईरान की राजधानी तेहरान में आज सुबह एक साथ कई धमाके हुए हैं। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी। उधर, इराक के कुर्द इलाके में हमलों में तेजी से चिंता बढ़ गई है। अमेरिका-इजराइल और ईरान की इस लड़ाई में इराक में मौजूद हथियारबंद गुट ' सराया औलिया अल-दाम' ने अमेरिकी हितों पर हमला किया है। अल जजीरा चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, फार्स ने बताया कि आज सुबह करीब 7:20 बजे उत्तरी तेहरान में दो जोरदार धमाके हुए। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया निशाना किसे बनाया गया। उधर, इराक में खासकर स्वायत्त कुर्द इलाके में हमलों में अचानक तेजी आई है। दुहोक में कुर्द इलाके के राष्ट्रपति नेचिरवान बरज़ानी के घर को



निशाना बनाने की कई कोशिश हुई है। एक बयान में, बरजानी ने बगदाद में केंद्र सरकार से इन हमलों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की अपील की। इराक में मौजूद हथियारबंद समूह 'सराया औलिया अल-दाम' ने विज्ञप्ति जारी की है। इस समूह के ईरान से संबंध हैं। समूह ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में उसने कम से कम छह ऐसे इलाकों को निशाना बनाया है जिनका संबंध अमेरिकी हितों से है। इस समूह ने कोया जिले में विस्थापितों के कैंप और हरीर में अमेरिका के सैन्य बेस पर हमला किया है। इस समूह ने एरबिल में अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन से हमला करने की भी कोशिश की।बताया गया है कि इन हमलों को अमेरिकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने विफल कर दिया। इस बीच बगदाद में भी कुछ देर पहले आसमान में धमाकों की तेज सुनी गई है। उल्लेखनीय है कि सराया औलिया अल-दाम इराक में स्थित ईरान समर्थित शिया मिलिशिया समूह है।

### ईरानी मीडिया की अमेरिका को सख्त चेतावनी, फ्रंट पेज पर लिखा-'नरक में स्वागत हैं'

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी मीडिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान टाइम्स ने अपने फ्रंट पेज पर 'नरक में स्वागत है' शीर्षक के साथ एक तीखा संदेश प्रकाशित किया, जिसमें कहा गया है कि अगर अमेरिकी सेना ईरान की जमीन पर कदम रखती है, तो वह "ताबूत में ही वापस जाएगी। यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब खबरें हैं कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संभावित जमीनी कार्रवाई (ग्राउंड ऑपरेशन) के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, हालांकि इस पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## आईआईटी खड़गपुर बनेगा देश का पहला संस्थान जो शुरू करेगा एमडी पाठ्यक्रम

**खड़गपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए स्नातकोत्तर 'डॉक्टर ऑफ मेडिसिन'(एमडी) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के पास औपचारिक आवेदन कर दिया है। यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है, तो आईआईटी खड़गपुर देश का ऐसा पहला तकनीकी संस्थान बन जाएगा, जो स्नातकोत्तर चिकित्सा कार्यक्रम संचालित करेगा। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और अब संबंधित मंत्रालयों के अंतिम निर्णय का इंतजार है। निदेशक के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने इस दूरगामी प्रस्ताव का समर्थन किया है, लेकिन अंतिम फैसला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पास विचाराधीन है। इस प्रस्तावित एमडी कोर्स के लिए कुल 20 सीटें निर्धारित की गई हैं। संस्थान ने शैक्षणिक तैयारियों को पुख्ता करते हुए पहले ही 20 अनुभवी चिकित्सकों की नियुक्ति कर ली है, जो छात्रों को प्रशिक्षण देंगे। इस पाठ्यक्रम में छात्रों का चयन नीट परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण डॉ. बीसी रॉय मल्टी स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में प्रदान किया जाएगा।

## नितिन नवीन के इस्तीफे का कार्यक्रम टला, असम रवाना हुए भाजपा अध्यक्ष



**पटना।** बिहार की राजनीति में आज उस समय अचानक नाटकीय बदलाव आया जब भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के विधायक पद से इस्तीफे का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम टल गया। जानकारी के अनुसार, नितिन नवीन को एक आपातकालीन स्थिति के कारण अचानक असम के डिब्रूगढ़ के लिए रवाना होना पड़ा। इससे पहले यह संभावना जताई जा रही थी कि वे आज सुबह 9 से 10 बजे के बीच बिहार विधानसभा की सदस्यता से अपना आधिकारिक त्यागपत्र सौंप देंगे। इस घटनाक्रम के बीच, बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार को भी दिल्ली बुलाया गया है। प्रेम कुमार शनिवार रात ही दिल्ली से पटना लौटे थे, लेकिन अब वे पुनः राष्ट्रीय राजधानी के लिए प्रस्थान करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि उन्हें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इस्तीफे की सूचना दी गई थी, जिसके कारण वे पटना आए थे, लेकिन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के असम चले जाने के कारण अब नई तिथि निर्धारित की जाएगी। नितिन नवीन वर्तमान में बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और लगातार पांच बार वहां से विधायक रहे हैं। हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद, संवैधानिक नियमों के तहत उन्हें विधानसभा की सदस्यता छोड़नी होगी।

## अमेरिका में ट्रंप का भारी विरोध लाखों लोग सड़कों पर उतरे कहा- नो किंग्स तत्काल जंग रोकें

एजेंसी। वाशिंगटन

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के 30वें दिन प्रवेश करने के साथ ही इसके प्रभाव अब सात समंदर पार अमेरिका की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगे हैं। शनिवार को अमेरिका के तमाम छोटे-बड़े शहरों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान नीति और युद्ध के खिलाफ नो किंग्स विरोध प्रदर्शनों की तीसरी लहर देखी गई। लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध को तुरंत रोकने, बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने और प्रशासन की कठोर नीतियों में बदलाव की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान और इजरायल के बीच मिसाइलों और ड्रोनों का हमला तेज हो




गया है, जिससे खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस युद्ध की तपिश ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि अमेरिका के भीतर भी विभाजन और असंतोष की रेखाएं खींच दी हैं। प्रदर्शनों में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही विचारधारा वाले राज्यों के नागरिकों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया, जो इस आंदोलन की व्यापकता को दर्शाता है। न्यूयॉर्क के मिडटाउन मैनहटन से लेकर सैन फ्रांसिस्को के सिविक सेंटर तक, प्रदर्शनकारियों ने तख्तियों, नारों और गीतों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया। जहां एक ओर मैनहटन में लोग ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन नीतियों और ईरान संघर्ष के विरुद्ध मार्च कर रहे थे, वहीं सैन फ्रांसिस्को में प्रदर्शनकारियों ने यूक्रेन के समर्थन और मानवाधिकारों के लिए आवाज उठाई।

## नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ान शुरू करेगा इंडिगो, 400 से ज्यादा उड़ानें होंगी संचालित

एजेंसी। नई दिल्ली

देश की अग्रणी उड्डयन कंपनी इंडिगो ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए उड़ान मार्ग शुरू करने की घोषणा की है। इनपर उड़ान सेवाएं 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी। इंडिगो ने बताया कि नए मार्गों से एयरलाइन आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगाम (कर्नाटक), चंडीगढ़, दीव, कन्नूर (केरल), कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम सहित कई प्रमुख शहरों को नवी मुंबई को जोड़ेगी। इन मार्गों के शुरू होने के बाद नवी मुंबई से प्रति सप्ताह 400 से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और बेहतर यात्रा विकल्प मिलेंगे। कंपनी के अनुसार, नवी मुंबई और गुजरात के




बीच संपर्क को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। इसी क्रम में भावनगर और नवी मुंबई के बीच प्रतिदिन दो सीधी उड़ानें शुरू कर दी गई हैं। ये सेवाएं एटीआर विमान से संचालित हो रही हैं, जिससे दोनों शहरों के बीच तेज और सुगम यात्रा संभव होगी। इसके अलावा कंपनी ने जामनगर के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जो 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इस विस्तार के बाद एयरलाइन गुजरात के छह शहर अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, राजकोट, भावनगर और जामनगर में अपनी सेवाएं देगी। इन शहरों के लिए कुल मिलाकर 1400 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार, नवी मुंबई से कई शहरों के लिए दैनिक उड़ानें उपलब्ध होंगी। इनमें गोवा, कोल्हापुर (महाराष्ट्र), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), भोपाल, देहरादून, हुब्बली (कर्नाटक), इंदौर, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), मदुरै (तमिलनाडु), औरंगाबाद (महाराष्ट्र), जबलपुर (मध्य प्रदेश), झारसुगुड़ा (ओडिशा) और रायपुर जैसे शहर शामिल हैं। कुछ मार्गों पर साप्ताहिक आधार पर उड़ानों का संचालन किया जाएगा। आगरा, देहरादून, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) और श्रीनगर के लिए सप्ताह के निश्चित दिनों में सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। वर्तमान में एयरलाइन के पास 400 से अधिक विमानों का बेड़ा है और यह प्रतिदिन 2200 से अधिक उड़ानों का संचालन करती है, जिससे 95 से अधिक घरेलू और 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ती है।

## प्रधानमंत्री ने गुजरात के माधवपुर मेला की दी शुभकामनाएं, सांस्कृतिक एकता को बताया महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेला के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करता है और गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में कहा, " पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेले के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह जीवंत उत्सव हमारी गौरवशाली संस्कृति को दर्शाता है और साथ ही गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच अटूट सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा, " यह पर्व विविध परंपराओं को एक साथ लाता है और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करता है। मैं लोगों से इस मेले में आने का आग्रह करता हूं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2022 में प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में भी माधवपुर मेले के महत्व और इसकी सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया था।



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास खबर

# पीतमपुरा में दो कारों की टक्कर, दो घायल

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। घटना आरपी चौक के पास जीडी गोयनका स्कूल के सामने सुबह करीब 5:30 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, मोर्या एन्क्लेव थाने में पीसीआर कॉल के जरिए हादसे की सूचना मिली। शिकायतकर्ता राघव माथुर ने बताया कि वह अपनी मारुति ब्रेजा कार से जा रहे थे, तभी नेता जी सुभाष प्लेस की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में पार्थ गंभीर (21) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत फोर्टिस अस्पताल, शालीमार बाग में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, शिकायतकर्ता राघव माथुर को मामूली चोटें आईं, जिन्हें भगवान महावीर अस्पताल ले जाया गया। टक्कर मारने वाली कार के चालक को भी मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला क्राइम टीम ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मोर्या एन्क्लेव थाने पहुंचा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कांग्रेस ने दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि हर दिन हत्या, लूटमारी, किडनेपिंग, गैंगस्टर का बढ़ती घटनाओं, नशे के कारोबार और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के कारण दिल्ली में कानून व्यवस्था चिंताजनक है। उन्होंने मांग की कि दिल्ली में बढ़ते अपराधों को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तुरंत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर दिल्ली के हालात को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं। देवेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की गद्दी संभालते ही पिछले साल केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात कर दिल्ली की कानून व्यवस्था को दुरस्त करने की बात कही थी, लेकिन अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ रहे है, जिसको पुलिस आयुक्त भी स्वीकारते है जिसके कारण उन्होंने पुलिस कर्मियों की छुट्टियां तक रद्द करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 2026 में जनवरी, फरवरी और मार्च के 15 दिनों में दिल्ली से लगभग 800 लोग गायब हुए है, जिसमें से दो तिहाई महिलाएं और लड़किया है। बढ़ती गुमशुदा लोगों की संख्या पर उच्च न्यायालय ने भी चिंता व्यक्त की है, परंतु पुलिस इस संकट का हल निकालने में नाकाम हो रही है। देवेंद्र यादव ने कहा कि हांलांकि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के दिल्ली बजट में सामाजिक कल्याण क्षेत्र के लिए कुल 10,537 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें महिलाओं और बाल विकास के लिए 7,406 करोड़ रुपये का समर्पित वित्त पोषण शामिल है, साथ ही अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण वित्त पोषण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था और नशे पर लगाम लगाने में पूरी तरह फेल साबित हुई है और दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराध और नशे की खुले आम बिक्री से दिल्ली के लोग खौफ के साए में जीवन जीने को मजबूर है। देवेंद्र यादव ने कहा कि मार्च में उत्तम नगर में होली के दिन 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। ईद के दिन भजनपुरा में एक युवक की चाकू मारकर हत्या, फरवरी, 2026 में रोहिणी जेल से रिहा युवक साहिल की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया में 35 वर्षीय व्यवसायी की उसकी फेक्ट्री के बाहर हमलावरों ने गोली मारकर हत्या, और फरवरी में नंद नगरी में 35 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या जैसी जघन्य घटनाएं दर्शाती है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह तरह चरमरा चुकी है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में 7200 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार और रविवार को 68 मंडलों में महा प्रशिक्षण अभियान प्रवास शिविरों का आयोजन किया। इसमें लगभग 7200 मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। अब तक पार्टी दिल्ली के 256 में से 171 मंडलों में कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। सात सत्रीय रात्रि प्रवास प्रशिक्षण शिविरों को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित वरिष्ठ वक्ताओं ने संबोधित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने गृह मंडल शालीमार बाग के प्रशिक्षण शिविर में दो घंटे के लिए सम्मिलित होकर कार्यकर्ताओं को संगठन प्रशिक्षण पर्व के प्रति प्रेरित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने मदनपुर खादर वेस्ट मंडल में, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कालकाजी मंडल में, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने स्वरूप नगर, नांगलोई एवं देव नगर मंडल में, सांसद कमलजीत सहरावत ने रोशनपुरा एवं ढिचकाऊं मंडलों में, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने पहाड़गंज में, सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बल्लीमारन, कोहाट एवं कुदेश नगर वार्ड में, मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में प्रशिक्षण सत्रों को सम्बोधित किया,। वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने नांगल ठाकराण, किशनगंज एवं बल्लीमारन में, डा. सुमित भसीन ने देव नगर में, प्रवीण शंकर कपूर ने देव नगर, साध नगर, पहाड़गंज, रंजीत नगर एवं पूर्वी पटेल नगर में, मंत्री सोना कुमारी ने देव नगर मंडल में, विभिन्न प्रशिक्षण विषय सत्रों को संबोधित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विनोद नगर मंडल में कहा की भाजपा के प्रशिक्षित कार्यकर्ता दूसरे दलों के दलों के कार्यकर्ताओं से भिन्न हैं क्योंकि वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों से पोषित कार्यकर्ता हैं, जो देश सेवा से लेकर संगठन सेवा तक हर कार्य को हम के भाव से करते हैं और मैं के अहंकार से दूर रहते हैं। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा है की इस प्रशिक्षण महाभियान के माध्यम से हम 1 लाख से अधिक प्रशिक्षित कार्यकर्ता तैयार करने जा रहे हैं जिन्हे वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास, पार्टी कार्य पद्धति, कार्य विस्तार योजना, बूथ प्रबंधन, हमारी केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया एवं एआई के उपयोग को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# यमुना परिवार काउंसिल द्वारा माँ यमुना जन्मोत्सव का पर्व आर्या सभागार

» नियर इस्कॉन मंदिर, दक्षिण दिल्ली में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लोकतंत्र की शान







**नई दिल्ली**। दिनांक 28 मार्च 2026 को यमुना परिवार काउंसिल के तत्वाधान में आयोजित श्री यमुने महारानी जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दिल्ली के कोने-कोने से बड़ी संख्या में यमुना साधक व भक्तगण मौके पर पहुंचे। कार्यक्रम का सफल संचालन यमुना परिवार काउंसिल के निदेशक श्री कपिल गर्ग ने किया। इस मौके पर अहमदाबाद, गुजरात से सुप्रसिद्ध प्रवक्ता परम पूज्य वैष्णव हृदय सम्राट वैष्णवाचार्य 108 श्री युदनाथ जी महोदयश्री ने 'यमुना कथा' सुनाकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी यमुना भक्तों को मां यमुना जी के प्रति अटूट प्रेम व श्रद्धाभाव जागृत करते हुए भाव-विभोर किया। इस सुअवसर पर सुप्रसिद्ध कलाकार श्री विक्की उपाध्याय द्वारा कृष्ण कालिंदी विवाह की अद्भुत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया। विक्की उपाध्याय द्वारा मां यमुना जी के सुन्दर व मनोरम गीतों से सभी यमुना भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस भव्य व दिव्य कार्यक्रम में अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक व विश्वविख्यात संत आचार्य डॉ. लोकेश मुनि जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने मंच पर उपस्थित समस्त यमुना साधकों व काउंसिल को आश्वस्त किया कि वास्तव में इस प्रकार के कार्यक्रम हृदय को भाव-विभोर करते हुए मां यमुना जी के प्रति समर्पण की भावना उत्पन्न करते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारा निरन्तर प्रयास है कि आने वाले दिनों में हम कांउसिल के साथ लगातार कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, इस काउंसिल के माध्यम से मां यमुना जी का कायाकल्प हो, यही मेरा अटूट विश्वास है। साथ ही इस मौके पर पूज्य वैष्णव हृदय सम्राट वैष्णवाचार्य 108 श्री युदनाथ जी महोदयश्री ने मंच पर उपस्थित सभी यमुना भक्तों को यमुना कथा सुनाने के साथ-साथ मां यमुना जी स्वच्छता हेतु मां यमुना-शपथ ग्रहण करायी। इस कार्यक्रम में श्री धाम वृंदावन से पूज्य आचार्य मधुसूदन शास्त्री ने भी मां यमुना जी के स्वच्छता, निर्मलता व अविरलता हेतु सभी यमुना भक्तों से सच्चे मन व भाव से जुड़कर मां यमुना जी की सेवा करने की अपील की। इस सुअवसर पर दिल्ली व अन्य प्रदेशों से चलकर आये पूज्य संतगणों का संगम मौजूद रहा तथा उनका आशीर्वाद सभी को इस मौके पर प्राप्त हुआ।

## 83 चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार, बांग्लादेश भेजने की थी तैयारी

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (ईस्टर्न रेंज-1) ने चोरी के मोबाइल फोन के अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 83 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। आरोपित इन मोबाइल को पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजने की तैयारी में थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि 27 मार्च को इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को यमुना विहार इलाके में सक्रिय एक गिरोह के बारे में पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर एक किराए के मकान की तीसरी मंजिल से दोनों आरोपितों को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से एक कार्टन में पैक 83 चोरी के मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गाजियाबाद निवासी सावेज़ (34) और भलस्वा डेयरीनिवासी फर्दीन (25) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे 'दानिश' नाम के व्यक्ति से चोरी के मोबाइल खरीदते थे और उन्हें कूरियर के जरिए बांग्लादेश भेजते थे।पुलिस उपायुक्त के अनुसार बरामद मोबाइल फोन में आईफोन, सैमसंग, वन प्लस, वीवो, ओप्पो और रियलमी जैसे ब्रांड शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि कई मोबाइल के आईएमआई नंबर दिल्ली और उप्र में दर्ज चोरी के मामलों से मेल खा चुके हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 106 पुलिसकर्मियों को सम्मान

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। पूर्वी जिला पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों को सराहते हुए पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने 106 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनके कर्तव्यनिष्ठा, पेशेवर दक्षता और समर्पण के लिए दिया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में जिले के सभी एसीपी, थाना प्रभारी (एसएचओ) और एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड के प्रभारी सहित सम्मानित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पुलिस बल के समर्पण, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने रविवार को कहा कि पुलिसकर्मियों का यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत की पहचान है, बल्कि यह अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे पुलिस बल का मनोबल और ऊंचा होगा तथा सभी कर्मी भविष्य में भी इसी तरह ईमानदारी और लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाते रहेंगे। समारोह में यह भी रेखांकित किया गया कि पूर्वी जिला पुलिस लगातार बेहतर पुलिसिंग और जनता के साथ मजबूत तालमेल बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के सम्मान कार्यक्रम पुलिसकर्मियों को और अधिक उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रेरित करते हैं।पूर्वी जिला पुलिस ने अपने सभी कर्मियों के समर्पण और कड़ी मेहनत को सलाम करते हुए यह भरोसा दिलाया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सुरक्षा के लिए इसी तरह निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

## विकास मार्ग पर ट्रैफिक सुधरा, सफर हुआ आसान, सफर 25 से घटकर 15 मिनट पहुंचा

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। पूर्वी दिल्ली के व्यस्ततम मार्गों में शामिल विकास मार्ग पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के विशेष अभियान का असर दिखने लगा है। सख्त प्रवर्तन, सिग्नल सुधार और ट्रैफिक प्रबंधन के उपायों के चलते यहां यातायात सुगम हुआ है। अब इस मार्ग पर यात्रा समय 20-25 मिनट से घटकर करीब 14-15 मिनट रह गया है। (ट्रैफिक) जोन-1 की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विजयांता गोयल आर्या ने रविवार को बताया कि विकास मार्ग ट्रांस-यमुना को मध्य दिल्ली से जोड़ने वाला अहम कॉरिडोर है, जहां लक्ष्मी नगर, प्रीत विहार और निर्माण विहार जैसे मेट्रो स्टेशन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और कोचिंग संस्थान होने के कारण भारी यातायात रहता है। हालांकि, अवैध पार्किंग, टूटी डिवाइडर और फीडर लेन के कारण यहां जाम की समस्या बनी रहती थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के अनुसार स्थिति सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कई कदम उठाए हैं। प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती की गई है, जबकि अवैध पार्किंग हटाने के लिए क्रेन लगातार तैनात हैं। लक्ष्मी नगर चौराहे को सिग्नल-फ्री किया गया है, वहीं कड़कड़ी मोड़ पर फ्लाईओवर और अंडरपास के जरिए यातायात सुधार की दिशा में काम जारी है। इसके अलावा, मास्टर प्लान रोड पर कड़कड़ी मोड़ से एंट्री सीमित कर दी गई है और यू-टर्न के लिए निर्धारित स्थान तय किए गए हैं। आगे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि पिछले दो हफ्तों में ट्रैफिक पुलिस ने 198 वाहनों को टो किया, जबकि करीब 200 वाहनों को क्लैंप किया गया। वर्ष 2026 में अब तक 11,005 चालान काटे जा चुके हैं, जिनमें अवैध पार्किंग और अनधिकृत ई-रिक्शा संचालन शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के अनुसार "सख्त प्रवर्तन, सिग्नल ऑप्टिमाइजेशन और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से विकास मार्ग पर ट्रैफिक में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हमारा प्रयास है कि यातायात सुचारु और सुरक्षित बना रहे। हम लोगों से अपील करते हैं कि वे नियमों का पालन करें और अवैध पार्किंग से बचें।"

# फर्जी 'नो-एंट्री परमिट' रैकेट का भंडाफोड़, ट्रैफिक पुलिस ने चालक को दबोचा

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ईस्टर्न रेंज ने फर्जी 'नो-एंट्री परमिशन' के जरिए प्रतिबंधित समय में व्यावसायिक वाहनों को चलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में एक चालक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लाइट गुड्स व्हीकल जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, नंद नगरी सर्किल को सूचना मिली थी कि कुछ वाहन चालक फर्जी नो-एंट्री परमिट का इस्तेमाल कर शाम के प्रतिबंधित समय में सड़कों पर वाहन चला रहे हैं। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए ऐसे वाहनों पर नजर रखनी शुरू की। ईस्टर्न रेंज के ट्रैफिक के पुलिस उपायुक्त के. रमेश ने रविवार को बताया कि घटना 27 मार्च की शाम करीब 6 बजे की है, जब एएसआई आदेश त्यागी और हेड कांस्टेबल अनुज वजीराबाद रोड स्थित लोनी गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान उन्होंने एक टाटा ऐस को लोनी गोलचक्कर से खजूरी खास की ओर जाते देखा। इस मार्ग पर शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहती है, जब तक कि उनके पास वैध अनुमति न हो। जांच के दौरान वाहन के आगे लगे नो-एंट्री परमिट को चेक किया गया, लेकिन चालान सिस्टम में उसकी कोई वैधता नहीं पाई गई। इससे स्पष्ट हुआ कि चालक फर्जी परमिट का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने तुरंत चालक और वाहन को कब्जे में लेकर मामला थाना गोकुलपुरी को सौंप दिया। आरोपित की पहचान सुंदर नगरी निवासी मोहम्मद सलीम (45) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि सुंदर नगरी निवासी नाजिम नामक व्यक्ति ने उसकी मुलाकात बुराड़ी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के पास एक अज्ञात व्यक्ति से कराई थी, जिसने फर्जी नो-एंट्री परमिट तैयार कर दिया। फिलहाल पुलिस नाजिम और अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस तरह के फर्जीवाड़े पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे केवल वैध परमिट के साथ ही सड़कों पर उतरें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने किया कनॉट प्लेस का दौरा




लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने रविवार को कनॉट प्लेस का दौरा किया। उन्होंने यहां रविवार का आनंद ले रहे नागरिकों और पेशेवरों से सीधे बातचीत की। उपराज्यपाल ने कनॉट प्लेस की अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए केवेंटर्स में मिल्कशेक और जैन चावल वाले में कढ़ी चावल का स्वाद लिया। उन्होंने कहा कि हम अपने सार्वजनिक स्थानों को सभी के लिए अधिक समावेशी, सुलभ और जीवंत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपराज्यपाल ने यह जानकारी सोशल मीडिया अकाउंट लोक निवास पर साझा कीं ।

## टेली-लॉ पहल न्याय सुलभ बनाने का सशक्त माध्यमः उपराष्ट्रपति

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार बने। उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा योजना के अंतर्गत आयोजित टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया। इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं का लोकतंत्रीकरण करने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए, खासकर महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के लिए। यह राष्ट्रीय परामर्श न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र को मजबूत करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की विभिन्न पहलों का उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या भौगोलिक कारणों से न्याय से वंचित न रहे। टेली-लॉ जैसी पहलें इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## गैंगस्टर गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा गिरोह का शूटर गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुख्यात रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-विरेंद्र चरण गिरोह के एक शूटर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान दीपक कुमार उर्फ दिलावर (26) के रूप में हुई है। वह उन्नाव उप्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक लोडेड पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि, आरोपित को सैनिक विहार इलाके से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूछताछ में आरोपी ने कई अहम खुलासे किए हैं, जिससे गैंग के नेटवर्क को समझने में मदद मिल रही है। पुलिस के मुताबिक, रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-विरेंद्र चरण गिरोह पिछले कुछ समय से दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब में व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांग रहा था। दिसंबर 2025 में गिरोह ने दिल्ली के एक ज्वेलर से 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। इस मामले में पहले ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कुख्यात गैंगस्टर पंकज राजपूत भी शामिल है। जांच के दौरान पता चला कि गिरोह ने पंजाब के नकौदर स्थित बक्शी ट्रैवल कंपनी के मालिक से भी पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। दबाव बनाने के लिए 13 जनवरी 2026 को कंपनी के दफ्तर पर फायरिंग कराई गई थी। इस घटना में शामिल तीन शूटरों में से एक दीपक उर्फ दिलावर की पहचान हुई थी, जो घटना के बाद से फरार चल रहा था। स्पेशल सेल ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रैक की और दिल्ली में उसकी मौजूदगी की पुष्टि होने पर जाल बिछाकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसे पंकज राजपूत ने हथियार उपलब्ध कराया था और एन्क्रिप्टेड चैट के जरिए उसकी मुलाकात गैंगस्टर विरेंद्र चरण से कराई गई थी। उसी के निर्देश पर उसने नकौदर में फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपित दिल्ली में अपना ठिकाना बना रहा था और आगे भी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था। स्पेशल सेल अब गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रेटर नोएडा में सजा 'स्किल का महाकुंभ', राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आगाज

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ रविवार को गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा में हुआ। इस आयोजन में देशभर से आए करीब 650 प्रतिभागी 63 विभिन्न कौशलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी ने इसे "स्किल भारत" के विज़न का जीवंत उदाहरण बना दिया है।

**योगी सरकार की स्किल नीति को मिला बल**-उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दे रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से प्रदेश के लाखों युवाओं को ट्रेनिंग, अप-स्किलिंग और रोजगार से जोड़ा गया है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता प्रदेश की स्किल इकोनॉमी को मजबूत करने और यूपी को "स्किल हब" के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**स्किलिंग से बनेगा 'स्किल नेशन': देबाश्री मुखर्जी**-कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने कहा कि स्किलिंग एक निरंतर प्रक्रिया है, जो अभ्यास और समर्पण से विकसित होती है। उन्होंने प्रतिभागियों को "स्किल आइकॉन" बताते हुए कहा कि उनका यह सफर ही एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केवल व्यक्तिगत उन्नति नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास से जुड़ा हुआ है और युवा भारत को वैश्विक स्तर पर "स्किल नेशन" बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### नौ वर्षों में 9 लाख सरकारी नौकरियां, यूपी बना देश का ग्रोथ इंजनः सीएम योगी

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ** : पिछले नौ वर्षों में नौ लाख मैनपावर सरकारी सेवाओं में जुड़ी है। ये सभी प्रतिभाशाली और युवा ऊर्जा से भरपूर हैं। इसी का नतीजा है कि जो राज्य पहले बीमारू था, वह आज भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन बन गया है। पहले वेतन देने के लिए पैसे नहीं होते थे, आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। आज यूपी देश की टॉप थ्री अर्थव्यवस्था में एक है। वर्ष 2016 की तुलना में आज प्रति व्यक्ति आय तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकभवन में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 665 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 20 नवचयनित नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इससे पहले नवचयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किये।

### बहेरवा में बोले सांसद राकेश राठौरः "दलित-मुस्लिम एकता रचेगी सामाजिक न्याय का नया इतिहास"

**लोकतंत्र की शान : अब्दुल्लाह खान ब्यूरो ,बिसवां (सीतापुर):** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहेरवा में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस सांसद राकेश राठौर 'इतिया' ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर भारी जनसैलाब उमड़ा, जहाँ सांसद का जोरदार स्वागत किया गया।



**प्रतिमा अनावरणः** गरीब मुस्लिम समुदाय के श्रम और सहयोग से स्थापित डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण हुआ।

**सामाजिक एकताः** सांसद राठौर ने कहा कि सीतापुर में दलित और मुस्लिम बहुसंख्यक होने के बावजूद पूर्ववर्ती सरकारों (भाजपा, सपा, बसपा) ने उन्हें संख्या में बड़ा लेकिन हक में छोटा बनाए रखा।

**सत्ता को चुनौतीः** उन्होंने जोर देकर कहा कि जब हाशिए पर खड़े लोग अपने नायकों को खुद स्थापित करते हैं, तो वह सत्ता के गलियारों को चुनौती देने वाली एक क्रांति बन जाती है।

**वक्ताओं के प्रमुख विचार**-कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं और वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जिनका सार नीचे दिया गया हैःएकजुटता का संदेश सांसद राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि अब यह वर्ग केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि एक 'राजनीतिक ताकत' बनेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान तभी जीवित रहेगा जब उसे जीने वाले लोग जागरूक और एकजुट रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन जलीस अंसारी ने की। इस दौरान डॉ. आर.पी. वर्मा, सुनीला रावत, राहुल सिंह, कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनीता चौधरी और रोशनी गुप्त सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।वक्ता प्रमुख संदेश डॉ. बृजबिहारी यह प्रतिमा उस झूठे विकास मॉडल पर तमाचा है जो गरीबों की आवाज दबाकर खड़ा किया गया है नेताओं के उदभाषण शिवप्रकाश सिंह ने कहा की बिसवां की अवसरवादी और भेदभाव की राजनीति की उल्टी गिनती आज से शुरू हो गई है। मजरुल इस्लाम ने कहा यह प्रतिमा पत्थर की नहीं, बल्कि सदियों से वंचितों द्वारा झेले गए दर्द की आवाज है। हसीना खातून ने कहा राहुल गांधी के 'जाति जनगणना' के संदेश को हम गांव-गांव तक पहुंचाएंगे

## नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

» पहला मैच बैंक विभाग की टीम ने व दूसरा मैच बार एसोसिएशन की टीम ने जीता

लोकतंत्र की शान



**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार की सुबह स्टेबस ग्राउंड में शुभारंभ किया गया। अतिथि सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल द्वारा फीता काटकर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह में प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मयांशि, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया गया। जिसके पश्चात अंपायर फैसल अली व संतोष सिंह की निगरानी में प्रथम मैच बैंक विभाग की टीम और नगर पालिका की टीम के बीच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और 8 विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाए और जीत हासिल की। 139 रन बनाकर नगर पालिका टीम ऑल आउट हो गई। बैंक विभाग की टीम से मनीष द्वारा 47 बॉल पर 111 रन बनाए गए। और महेश द्वारा 18 बॉल में 57 रन बनाए गए और टीम को जीत दिलवाई। मनीष मैन ऑफ द मैच रहे। फाइटर ऑफ़ द मैच नगर पालिका टीम से रियासत (भोलू) रहे। उन्होंने 33 बॉल में 67 रन बनाएं और 3 विकेट लिए। दूसरा मैच अंपायर फैसल अली व विनीत कुमार विक्की की निगरानी में बार एसोसिएशन और विद्युत विभाग की टीम के बीच खेला गया। विद्युत विभाग की टीम ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। विद्युत विभाग की टीम ने 243 रन बनाएं। एक विकेट से बार एसोसिएशन की टीम ने मैच जीता। बार एसोसिएशन के हिमांशु ने 38 बॉल में 106 रन बनाएं। विद्युत विभाग के राहुल ने 20 बॉल में 63 रन बनाए। बार एसोसिएशन के हिमांशु मैन ऑफ़ द मैच रहे। टूर्नामेंट में मौहम्मद अहसान, सुखदेव सिंह व आलोक त्यागी आदि द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर सचिन चौधरी डायरेक्टर चीनी मिल, अनवार अंसारी, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, कसिम एडवोकेट, नाजिम, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, अयान सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद विशाल, अनवर अंसारी, हिना अग्रवाल, विनीता आदी रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस चैनल पर चलाया जा रहा है।

## हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन निकाला गया

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** रविवार को हिंदू नव वर्ष चैत्र शुक्ल के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया, इस दौरान स्वयंसेवकों ने सामाजिक एकजुट पर जोर दिया पथ संचलन का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर से हुआ स्वयं सेवकों ने अनुशासित कदमों तथा देशभक्त की जय घोष के साथ नगर के मुख्य मार्ग से भ्रमण किया इस दौरान नगर में नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर पद संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया, वही सनातन जागरण मंच के लोगों ने पथ संचलन में शामिल स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, बता ते चले कि चार स्थानों से पद संचलन निकाला गया जो अंबेडकर पार्क पर पहुंचा और वहां से राजपूत कॉलोनी, सरकारी अस्पताल रोड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता क्षेत्र कार्यकारी सदस्य सुशील जी ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता पर बल दिया, वही नगर संघ संचालक दीपक कुमार ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया इस अवसर पर नगर कार्यवाहक सोनू अग्रवाल, जिला कार्यालय होशियार सिंह, रविंद्र चौहान, नगर प्रचारक सचिन, उधम सिंह, अर्पित, रजनीकांत, अभिनव, नरेश पाल, विदित, रूप सिंह चौहान, रूपेश आदि सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे 1



## हाथ पैर बांधकर युवक की गला रेत कर हत्या, पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** रविवार को क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की गला रेत कर हत्या का मामला सामने आया, बताते चलें कि क्षेत्र के गांव पिपलोती कला में 30 वर्षीय युवक मेहराज चौधरी पुत्र मोमीन की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई, घटना का सुबह पता लगा, वही चारपाई पर युवक के हाथ पैर बंधे हुए थे मृतक के शरीर पर गर्दन, पेट और हाथों पर गहरे जख्मों के निशान पाए गए, वही हैरानी वाली बात है कि जिस जगह घटना हुई वहीं बगल की चारपाई पर मृतक की पत्नी रूही अपने छोटे बेटे अली के साथ सो रही थी जबकि बड़ा बेटा फरमान अपने पिता की चारपाई पर सो रहा था घटना के संबंध में पत्नी और पिता के बयानों में विरोधाभास नजर आ रहा है पत्नी रूही का दावा है कि बदमाश आए थे जिन्होंने उसका मुंह दबाकर कुंडल और मोबाइल लूट लिया वही मृतक के पिता का कहना है कि सुबह 7 बजे जब मैं मौके पर पहुंचे तो रूही सो रही थी और बेटे का लहु लूहान शव चरपाई पर पड़ा था, सूचना मिलते ही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी और अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा मौके पर फॉरेंसिक टीम तथा फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट भी पहुंच गए घटना की सूचना पर नौगावा सादात पुलिस क्षेत्राधिकारी अभद मानसिंह भदोरिया मौके पर पहुंचे, मृतक की चाची ने बताया कि दोनों पति-पत्नी में कहा सुनी होती रहती थी, वहीं लोगों का अनुमान है कि जिस समय हत्यारे ने मेहराज को मौत के घाट उतारा उसे समय गांव में डीजे बज रहा था डीजे के बीच उसकी चीख दव कर रह गई, वहीं पुलिस ने सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामला की गहनता से जांच जारी है, निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हाथ पैर बांधने के बाद गला रेता महाराज की हत्या की गई है सब पोस्टमार्टम को भेजो गया है, फोरेंसिक टीम ने मौके के साथ जुटे हैं वही प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना से संबंधित जुड़े कुछ हाथ लगे हैं जल्दी मामले को खुलासा किया जाएगा, वही पुलिस ने मृतक की पत्नी रूही को हिरासत में ले लिया है तथा पत्नी से पूछताछ जारी है 1

## 665 नर्सिंग अधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र, बोले-पारदर्शी चयन प्रक्रिया से मिला हक

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ** : राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर इन अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जाति-धर्म और क्षेत्रवाद से परे सभी को समान अवसर मिल रहा है।

**परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष बनाया गया : प्रियंका सिंह**-मोहनलालगंज, लखनऊ की प्रियंका सिंह ने कहा कि पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का गर्व मिला। उन्होंने बताया कि कैसे सकारात्मक बदलाव कर परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष बनाया गया। प्रियंका ने मुख्यमंत्री से मिलने को अपना सपना पूरा होना बताया। भावुक होकर परिवार व अपने बड़े भाई के सहयोग को याद किया।

**योग्यता को मिला सम्मान : संध्या सिंह**-सुल्तानपुर की संध्या सिंह ने कहा कि दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसकी सबसे खास बात यह रही कि जो योग्य थे, वही चयनित हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अधिकारियों का आभार जताते हुए इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

**योगी सरकार की ईमानदारी के कारण नहीं हो सकती कहीं गड़बड़ी : अनामिका यादव**-मैनपुरी की अनामिका यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि इतनी सख्ती थी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की कोई आशंका नहीं थी। उन्होंने इसे योगी सरकार की ईमानदारी और मेरिट आधारित चयन का उदाहरण बताया।

## नन्हे कदमों की बड़ी उड़ान, Zed Kids Academy में मनाया गया ग्रेजुएशन डे

लोक तंत्र की शान, खिज़र अहमद



**नजीबाबाद** : नजीबाबाद के जेड किड्स एकेडमी स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों का शानदार ग्रेजुएशन डे समारोह हुआ आयोजित । मोहल्ला बालकराम, डॉ शरद माहेश्वरी के क्लीनिक के पास Zed Kids Academy नजीबाबाद में प्ले ग्रुप, नर्सरी और एलकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों का ग्रेजुएशन डे समारोह बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ देकर सभी का दिल जीत लिया और अभिभावकों ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम मौजूद रहे, जबकि मेहमान-ए-खुसूसी के रूप में डॉ. शाकिर खान, डॉ. रहमान तसलीम, मास्टर मोहम्मद राहत और रंजीत यादव ने शिरकत की। इस मौके पर पत्रकार खिज़र अहमद और फरमान शेख की भी विशेष उपस्थिति रही। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और मेहमान-ए-खुसूसी ने बच्चों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट और मैडल देकर सम्मानित किया। छोटे-छोटे बच्चों को स्टेज पर सर्टिफिकेट और मैडल लेते हुए देखकर अभिभावकों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी। इस अवसर पर एलकेजी और नर्सरी के टॉपर बच्चों की भी घोषणा की गई। एलकेजी से आकिब ने 93.8% अंक प्राप्त किए। वहीं नर्सरी से अनाइज़ा ने 98.5% अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि अर्शिया (91.4%), महाद (97.1%), हिफ़ज़ान (89.2%) और इज़ान (89.5%) ने भी बेहतरीन परिणाम हासिल कर स्कूल और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके साथ ही प्ले ग्रुप के बच्चों – मोहम्मद आईश, मोहम्मद रैयान, जोरैन परवेज, मरियम, आयशा, अबीरा, हादी हुसैन, जरीन हुसैन, जोहान, मिशा फातिमा, हानिया परवेज और अब्राहम अख्तर – को भी ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल रहनुमा परवीन ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और कहा कि बच्चों की शुरुआती शिक्षा ही उनके भविष्य की मजबूत नींव होती है। वहीं टीचर शहरीन, हिफ्जा रहमान सहित अन्य शिक्षकों ने बच्चों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने अपने संबोधन में कहा कि जो अभिभावक अपने बच्चों का प्ले ग्रुप में दाखिला कराने की सोच रहे हैं, उन्हें Zed Kids Academy को जरूर आजमाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद स्कूल का माहौल देखा है और यहां बच्चों को बहुत अच्छे तरीके से शिक्षित किया जा रहा है, जिससे उनकी बुनियाद मजबूत बन रही है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद कई बच्चों की माताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि जब से उन्होंने अपने बच्चों को Zed Kids Academy में भेजना शुरू किया है, तब से बच्चों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। बच्चों का मोबाइल से लगाव कम हुआ है, पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ी है और उनमें अनुशासन व आत्मविश्वास भी पहले से बेहतर हुआ है। स्कूल के फाउंडर जीशान नजीबाबादी ने अपने संबोधन में कहा कि उनका उद्देश्य Najibabad के बच्चों को सस्ती और क्वालिटीफुल एजुकेशन उपलब्ध कराना है, ताकि हर वर्ग का बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके।

## बालाजी जन्मोत्सव शोभा यात्रा कर जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा का स्वागत



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल
जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** रविवार को नगर में बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष में एक भव्य बालाजी शोभा यात्रा निकाली गई , नगर के वृंदावन धाम कॉलोनी स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ यह यात्रा श्री बालाजी मंदिर कमेटी रजिस्टर्ड द्वारा आयोजित की गई, डाक बेंगल के सामने स्थित मंदिर परिसर से हुआ यह यात्रा ब्लॉक तिराहा कोतवाली अंबेडकर चौक मुख्य बाजार होते हुए रहरा अड्डे पर पहुंची, यात्रा में सिर पर कलश लिए महिलाएं तथा हाथ में धर्म ध्वजा लिए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी चल रहे थे वही यात्रा में भगवान गणेश शंकर जी राम दरबार हनुमान जी की स्वयं चलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, वही शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया, आयोजन कमेटी में अध्यक्ष मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार, नीरज शर्मा, रवि कुमार, कमल किशोर, आदित्य शर्मा आदि सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे 1

## कन्या सुमंगला योजनाः अमेठी की स्नातक की 23 छात्राओं को आखिरी किश्त जारी

लोक तंत्र की शान




**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना आज बेटियों के भविष्य को मजबूत बनाने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। इसी कड़ी में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके सपनों को नई दिशा और मजबूती मिली है। इन छात्राओं के लिए यह सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। पहले जहां कई परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की पढ़ाई बीच में ही रुकवा देते थे, वहीं अब इस योजना ने उनकी सोच को बदल दिया है। आज वे बेटियां उच्च शिक्षा की ओर बढ़ते हुए अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन रहीं हैं।

**शिक्षा के हर पड़ाव पर साथः जन्म से स्नातक तक सरकार का सहयोग**-कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटियों को उनके जीवन के महत्वपूर्ण शैक्षिक चरणों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक 6 चरणों में दी जाने वाली इस राशि को 2024-25 में इसे बढ़ाकर 25,000 कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, बल्कि परिवारों पर आर्थिक बोझ कम कर उन्हें बेटियों के उज्ज्वल भविष्य में निवेश के लिए प्रेरित करना भी है।

**बदलती सोच, सशक्त होती बेटियां**-अमेठी की इन 23 छात्राओं की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब सही समय पर सही सहायता मिलती है, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहतीं। अब ये छात्राएं अपने करियर को लेकर अधिक जागरूक हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहीं हैं। परिवारों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है जहां पहले बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी, वहीं अब यह सोच बदली है और बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए सरकार की तरफ से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## घर-घर पहुंची हजरतनगर गढ़ी पुलिस, मिशन शक्ति से महिलाओं में आया आत्मविश्वास

लोक तंत्र की शान



**संभल/सिरसी।** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र में थाना प्रभारी सुधीर पवार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला उपनिरीक्षक रश्मि मलिक एवं हेड कांस्टेबल प्रभा ने क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अभियान के तहत पुलिस टीम ने गांव-गांव, घर-घर जाकर तथा मुख्य चौराहों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों और आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही, साइबर जागरूकता पर विशेष जोर देते हुए ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अन्य डिजिटल अपराधों से सतर्क रहने की अपील की गई। पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध के खिलाफ बेझिझक आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक रश्मि मलिक ने महिलाओं को "सेल्फ डिफेंस माइक्रो ट्रेनिंग" और "रियल टाइम सेफ्टी प्लान" की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में तुरंत लोकेशन शेयर करना, मोबाइल में SOS फीचर सक्रिय रखना और विश्वसनीय लोगों का सुरक्षा नेटवर्क तैयार करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यस्थल, स्कूल-कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर "सुरक्षा साथी" (बडी सिस्टम) अपनाने की सलाह भी दी। उन्होंने आगे कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां जैसे अनजान लिंक पर क्लिक न करना, यात्रा के दौरान वाहन का विवरण साझा करना और आसपास के माहौल पर नजर रखना, महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाता है। अंत में उन्होंने सभी महिलाओं और बालिकाओं से अपील की कि वे आत्मनिर्भर बनें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। यह अभियान महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में सुरक्षा व सम्मान का माहौल मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन कर सकते हैं डेब्यू

**लोकतंत्र की शान : पटना।** आज IPL में दूसरे दिन कोलकाता नाइट राइडर्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला है। यह मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम 7:00 बजे शुरू होगा। इन दोनों टीम में बिहार के चार खिलाड़ी शामिल हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन, तेज गेंदबाज आकाशदीप और अनुकूल राय शामिल है। वहीं, मुंबई इंडियंस की टीम ने सुपौल के मोहम्मद इजहार को इस सीजन के ऑक्शन में खरीदा था। हालांकि, गंभीर चोट के कारण आकाशदीप इस सीजन के आईपीएल से बाहर हो गए हैं। इस कारण अब बिहार के सिर्फ तीन खिलाड़ी ही आज के आईपीएल मैच में खेलते हुए दिख सकते हैं। रोहतास के आकाशदीप पीठ की गंभीर चोट (लोअर बैक स्ट्रेस रिएक्शन) के कारण तेज गेंदबाज आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह सीजन नहीं खेलेंगे। उनकी जगह सौरभ दुबे को शामिल किया गया है। आकाश दीप रिहैब के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रहेंगे। आकाशदीप को ठीक होने में काम से कम 8 से 12 सप्ताह तक लग सकता है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन आज चौके-छक्के लगाते हुए नजर आएंगे। आज वह आईपीएल में अपना डेब्यू कर सकते हैं। IPL ऑक्शन में सार्थक रंजन को KKR ने 30 लाख में खरीदा है। सार्थक दिल्ली के लिए रणजी खेलते हैं। वे एक ओपनिंग बैट्समैन हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग में सार्थक रंजन ने 9 मैच में करीब 448 रन बना दिए थे।



### स्टेज पर पवन सिंह ने काजल राघवानी को गले लगाया, फूल देकर गाना गाया- सांवर ना गोर बाड़ू हो

**लोकतंत्र की शान : पटना।** खेसारी लाल यादव से ब्रेकअप के बाद काजल राघवानी पवन सिंह के करीब आ गई हैं। काजल राघवानी और पवन सिंह की कमेस्ट्री स्टेज पर दिखी। दोनों ने जमकर डांस किया। इस दौरान पवन सिंह ने काजल राघवानी को स्टेज पर गले भी लगाया। पवन सिंह ने काजल राघवानी के लिए अपना लोकप्रिय गाना "संवार न गोर बाड़ू हो' गाया। इस दौरान पवन सिंह ने इशारों हरियाणी एक्ट्रेस अंजलि राघव पर तंज करते हुए कहा कि, हमलोग एक्टर हैं। हंसते हैं, हंसाते हैं। इसको मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। इस दौरान काजल राघवानी ने पवन सिंह का गाल टच किया। इस पर पवन सिंह कहा कि, अब मैं भी लाइव आऊंगा। दरअसल, भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह शनिवार को अपने नए गाने 'टच बड़ी' के लॉन्च इवेंट में गोरखपुर पहुंचे थे। यह गाना उनकी फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' का हिस्सा है। इस मौके पर हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे और पवन सिंह के साथ जमकर झूमे। इस कार्यक्रम में भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता अदिवि शेष भी मौजूद रहे। स्टेज पर पवन सिंह ने काजल राघवानी का हाथ पकड़कर दर्शकों का अभिवादन किया और उनके साथ डांस भी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने लाइव परफॉर्मेंस देते हुए अपना नया गाना "टच बडी" भी गाया, जिससे फैंस झूम उठे।

### चकसिकंदर रेलवे फाटक 41(C) बंद, अंडरपास की मांग को लेकर ग्रामीणों की बैठक

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के चकसिकंदर स्टेशन के समीप स्थित 41(C) रेलवे फाटक कई महीनों से बंद है, जिससे हजारों स्थानीय लोग परेशान हैं। इस समस्या के समाधान और अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। हाजीपुर-बछवाड़ा रेलखंड पर स्थित इस फाटक के बंद होने से रेलवे लाइन के दोनों ओर बसे दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। रेलवे द्वारा दिया गया वैकल्पिक रास्ता न केवल लंबा है, बल्कि सुनसान होने के कारण जान-माल के खतरे से भी भरा है। फाटक के दक्षिण में बांके सिंह महाविद्यालय और उत्तर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, चकसिकंदर बाजार, ग्रामीण बैंक, अस्पताल तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-322 स्थित हैं। इसके बंद होने से छात्र-छात्राओं, किसानों और व्यापारियों को विशेष रूप से परेशानी हो रही है। स्थानीय मुखिया संघ के अध्यक्ष मंजय लाल राय ने रविवार को इस समस्या पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई। इसमें राजापाकड़ प्रखंड और बिदुपुर प्रखंड के किसानों, छात्रों और आम नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने रेलवे फाटक 41(C) पर अंडरपास सड़क निर्माण की मांग की और चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वैकल्पिक रास्ता सुनसान क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहां पहले भी लूटपाट और छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं। इस कारण महिलाओं और बुजुर्गों को आवागमन में विशेष रूप से डर और कठिनाई का सामना करना पड़ता है। महान स्वतंत्रता सेनानी अक्षयवट राय छात्रावास सेवा समिति के अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री सह सांसद चिराग पासवान, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड अध्यक्ष, पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक (हाजीपुर), मंडल रेल प्रबंधक (सोनपुर) और स्थानीय विधायकों को पत्र लिखकर फाटक संख्या 41(C) पर अंडरपास सड़क के तत्काल निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया गया है। उन्होंने भी आंदोलन की चेतावनी दी।



### महुआ में पिकअप की टक्कर से पेंटर की मौत, हाजीपुर से लौटते समय बेल्कुण्डा चौक पर हुआ हादसा

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में बेल्कुण्डा चौक के पास एक पिकअप की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक पेंटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के मिर्जानगर गांव निवासी परमेश्वर शर्मा के 31 वर्षीय बेटे राकेश कुमार शर्मा के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, राकेश कुमार शर्मा हाजीपुर से अपनी ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेल्कुण्डा चौक के पास एक पिकअप ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी राकेश के परिवार वालों को दी। परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे और राकेश को आनन-फानन में हाजीपुर सदर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन राकेश को जौहरी बाजार स्थित गणपति अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोबारा जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में शव को वापस सदर अस्पताल लाया गया। स्थानीय थाना द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। राकेश कुमार शर्मा अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में एक लड़का और एक लड़की है।



### तीसरे दिन गंगा में डूबी युवती का मिला शव

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर।** वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र स्थित गनियारी गंगा घाट से लापता हुई सोनी कुमारी का शव तीसरे दिन बरामद कर लिया गया है। एसडीआरएफ टीम ने यह शव निकाला। सोनी कुमारी 27 मार्च को रामनवमी के दिन गंगा स्नान के दौरान डूब गई थीं। यह घटना 27 मार्च की सुबह करीब 7 बजे हुई थी। सोनी कुमारी गांव की अन्य महिलाओं और युवतियों के साथ गंगा घाट पर स्नान करने आई थीं। स्नान के दौरान 6-7 महिलाएं और युवतियां नदी में डूबने लगीं। स्थानीय लोगों की तत्परता से इनमें से कई महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस घटना में कुल तीन युवतियों की मौत हुई थी। अब तक दो युवतियों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों में नयागांव बरियारपुर गांव निवासी रिंटु राय की 18 वर्षीय बेटी सीमा कुमारी और उनकी दूसरी बेटी सोनी कुमारी शामिल हैं। उपेंद्र राय की बेटी आंचल अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। लापता सोनी कुमारी के पति रौशन कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी घटना से चार दिन पहले मायके आई थीं।

# सहरसा में विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा की बैठक सामाजिक-राजनीतिक एकजुटता पर जोर

लोकतंत्र की शान



**सहरसा,मो. ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिला परिषद परिसर, सहरसा स्थित आर्यावर्त वैली पाठशाला प्रांगण में रविवार को विश्वकर्मा शक्ति मोर्चा के तत्वावधान में बढ़ई, लोहार, सोनार, कुम्हार एवं ठठेरा समाज की दूसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लोजपा(रा) के जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिए विश्वकर्मा समाज की पांचों जातियों को एक मंच पर एकजुट करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान सभी ने अपनी सामूहिक ताकत को वोट में बदलने का संकल्प लिया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 26 अप्रैल को एक विशाल सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें समाज के अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई। साथ ही समाज के बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से अपील की गई कि वे समय निकालकर समाजहित में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करें। वक्ताओं ने कहा कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, बल्कि इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है और संघर्ष के बल पर ही अधिकार प्राप्त किया जा सकता है। बैठक में अधिवक्ता लीलाधर शर्मा, राम कुमार शर्मा, गणेश विश्वकर्मा, विजेंद्र शर्मा, केडी शर्मा, कृष्णदेव पंडित, टुनटुन पंडित, अक्षय पंडित, प्रमोद पंडित, महेश पंडित, सुजीत कुमार शर्मा, आनंदी शर्मा, हरे राम शर्मा, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, दीप नारायण शर्मा, पिंटू शर्मा, श्यामल किशोर शर्मा, पवन सूतिहार, कुमार सुरेश भारती, सुनील शर्मा, शशि सोनी, भारत प्रसाद स्वर्णकार, प्रदीप ठाकुर, संजय सोनी, राजन पंडित, मनीष शर्मा, मणिकांत शर्मा, रामविलास शर्मा, टुनटुन शर्मा, सुभाष शर्मा, कैलाश शर्मा, कैलाश कुमार, सूतिहार सुरेंद्र, एम जवाहर शर्मा, विदुर बढ़ई, भरत मिस्त्री, बृजमोहन विश्वकर्मा, वेद प्रकाश भारती, रितेश कुमार शर्मा, शिवनाथ कुमार, राजू शर्मा, चंद्र किशोर शर्मा, मोनू मिस्त्री, रंजीत सूतिहार, सुरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण पंडित, नरेश मिस्त्री, रघुनंदन शर्मा, भूपेंद्र शर्मा मैथिली, लाल बहादुर शर्मा, गोविंदाचार्य, राम मिस्त्री सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कुरियर से 16 लाख की शराब पटना पहुंची, केमिकल की जगह थी शराब

लोकतंत्र की शान, पटना



**पटना सिटी में होनी थी डिलीवरी, चंडीगढ़-राजस्थान से जुड़ा कनेक्शन**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के करबिगहिया ट्रैफिक पोस्ट के पास से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद की गई है। इस खेप की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 से 16 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने धर्मेंद्र कुमार (23 वर्ष) नाम का एक एजेंट भी पकड़ा है, जिससे फिलहाल पूछताछ जारी है।

**पिकअप वैन ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भागाः** पुलिस के मुताबिक, शनिवार की रात लगभग 10:49 बजे के करीब एक पिकअप वैन करबिगहिया से गुजर रहा था। पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों को देखकर पिकअप वैन का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस की महिला कर्मी संगीता ने पिकअप वैन में रखे कार्टून को देखकर थाने को खबर की। गश्ती गाड़ी पहुंची और पिकअप वैन को थाने लाकर चेक किया गया, जिसमें अलग-अलग कार्टून में लगभग 881 लीटर चंडीगढ़ निर्मित शराब की बोतल पाई गई।

**कुरियर में केमिकल की जगह थी शराबः** पुलिस के मुताबिक कुरियर के जरिए शराब पटना आई है। जिस कंपनी के नाम से कुरियर मंगाया गया है। उसके एक कर्मी को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उसने बताया है कि शराब किसकी है, मुझे पता नहीं। कुरियर के जरिए निटको करबिगहिया में कार्टून आया था। जो हाइड्रो केमिकल के नाम पर बुकिंग की थी। एजेंट धर्मेंद्र ने बताया कि पटना सिटी में इसकी डिलीवरी होनी थी। उसने पुलिस के सामने मुख्य तस्कर का नाम भी बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस फिलहाल रेड कर रही है। अभी तक की पूछताछ में कई राज्यों से इसके कनेक्शन सामने आए हैं।

## मैट्रिक में 81.79% छात्र पास दो छात्राएं बनीं स्टेट टॉपर

लोकतंत्र की शान, पटना



पुष्पांजलि, स्टेट टॉपर | सबरीन, स्टेट टॉपर

बिहार बोर्ड ने रविवार को मैट्रिक यानी 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। जमुई की सिमुलतला आवासीय विद्यालय की छात्रा पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली की उच्च माध्यमिक विद्यालय चौड़ाही की छात्रा सबरीन परवीन ने टॉप किया है। 98.4% मार्क्स के साथ दोनों छात्रा फर्स्ट रैंक लाई हैं।

बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना ने 489 नंबर लाकर स्टेट में सेकेंड टॉप किया है। जबकि थर्ड टॉपर में दो स्टूडेंट्स हैं। बक्सर की अनूपा कुमारी और बेगूसराय के ओमकार कुमार। इन दोनों को 488 नंबर मिले हैं। इस साल करीब 15 लाख से ज्यादा छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा में हिस्सा लिया था, जिनमें से 12 लाख 35 हजार 743 छात्र सफल हुए हैं। यानी 81.79% छात्र पास हुए हैं। जबकि पिछले साल 2025 में यह रिजल्ट 82.11% था। इस बार का रिजल्ट करीब 1% घट गया है। टॉप-10 में कुल 139 छात्र शामिल हैं। इनमें टॉप-3 में कुल 5 छात्र हैं, जिनमें 3 लड़कियां शामिल हैं। वहीं टॉप-5 में 13 छात्र हैं, जिनमें 7 लड़के शामिल हैं। जबकि रैंक 6 से 10 के बीच 126 छात्र हैं।

**लड़कियों ने फिर मारी बाजीः** छात्राओं का रिजल्ट प्रतिशत छात्रों से बेहतर है। 6 लाख 01 हजार 390 छात्र (48.66%) सफल रहे। वहीं 6,34,353 छात्राओं ने सफलता पाई है, जिनका प्रतिशत 51.33 है। लड़कियां का पासिंग परसेंटेज लड़कों से करीब 3% ज्यादा है। बीते 3 सालों में बिहार बोर्ड मैट्रिक में ये स्टेट टॉपर का सबसे हाइएस्ट मार्क्स है।

# सहरसा जंक्शन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की तैयारी प्लेटफॉर्म विस्तार और फुट ओवरब्रिज निर्माण जल्द


लोकतंत्र की शान



**सहरसा,Mohammad ज़ियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जंक्शन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में काम तेज कर दिया गया है। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म के विस्तार, ट्रेनों के बेहतर परिचालन और यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं पर कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, प्लेटफॉर्म नंबर एक से पांच तक ट्रेनों के संचालन को सुचारु बनाने के लिए समय-समय पर ब्लॉक लेकर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान कुछ घंटों के लिए ट्रेनों के आवागमन में बदलाव संभव है, हालांकि अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। रेलवे विभाग के अनुसार, प्लेटफॉर्म पर गाड़ियों के ठहराव और संचालन में सुधार के लिए आवश्यक तकनीकी कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, स्टेशन पर बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्लेटफॉर्म के बीच आवागमन को सुगम बनाने की भी योजना है। इसी क्रम में पंचवटी स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज निर्माण को भी मंजूरी मिल चुकी है। लगभग तीन करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस ओवरब्रिज से यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में काफी सहूलियत होगी। अभी यात्रियों को स्टेशन के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें परेशानी होती है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तैयारी के तहत मिट्टी भराई और अन्य जरूरी कार्य शुरू कर दिए गए हैं। निर्माण पूरा होने के बाद यात्रियों को सुरक्षित और आसान आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। रेलवे प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे, ताकि विकास कार्यों के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा भी बनी रहे।

# पटना में एकतरफा प्यार बना हत्या की वजह, हफ्तेभर से फरार है सिरफिरा आरोपी, तलाश जारी

लोकतंत्र की शान, पटना



पटना के जक्कनपुर इलाके के बंगाली कॉलोनी में बीते 21 मार्च को एक महिला की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई थी। मृतका की पहचान मुन्नी देवी (35 वर्ष) के तौर पर हुई थी, जो मीठापुर पुरानी बस स्टैंड के ठीक सामने सड़क किनारे ठेले पर दुकान चलती थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। आरोपी की संभावित लोकेशन पर पुलिस की लगातार दबिश जारी है। हालांकि, अभी वह फरार है।

**महिला पर किए चाकू से 12 वारः** परिजनों के मुताबिक, मुन्नी देवी शाम 4 बजे के लगभग अपने कमरे में बच्चों के साथ मौजूद थी। इसी बीच राजा नाम का सिरफिरा चाकू लेकर कमरे में घूसा और महिला पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। राजा ने चाकू से 12 वार किए थे। इस हमले मुन्नी बुरी तरह घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया, लेकिन 1 घंटे बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में मुन्नी देवी की 17 साल की नाबालिक बेटी भी जख्मी हो गई थी।

**एकतरफा प्यार में किया हमलाः** परिवार के करीबियों और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतिका मुन्नी देवी के पति बाहर रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। पिछले 8 साल से घर नहीं आए हैं। महिला ठेले पर अंडा वगैरह बेचती थी। वहीं, हमलावर राजा को महिला 8 साल से जानती थी। घटना से 2 महीने पहले तक मृतिका का परिवार और राजा, पटना के जक्कनपुर में किराए के घर में अलग-अलग रूम लेकर रहते थे। मुन्नी को आशंका थी कि राजा की नीयत उसके अलावा नाबालिक बेटी पर भी थी। इसके बाद से मुन्नी ने राजा से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। 2 महीने पहले मुन्नी ने दूसरे जगह पर कमरा लेकर अपनी बेटी के साथ रहने लगी।

मुन्नी ने राजा से टेलिफोनिक बातचीत भी बंद कर दी थी। एक दो बार नए रेंट के मकान में भी राजा ने आने का प्रयास किया था, लेकिन बेटी ने नहीं आने दिया था। घटना से 7 दिन पहले राजा महिला के घर में घुसने की कोशिश कर परेशान कर रहा था। 21 मार्च की शाम में इसी बात से नाराज होकर सिरफिरा राजा चाकू लेकर पहुंचा और मां बेटी पर हमला करना शुरू कर दिया।

**पड़ोस के लड़कों ने अस्पताल में कराया एडमिटः** पड़ोस के लड़के शैलेश कुमार ने बताया कि, 'कॉल करके मुझे पड़ोसी ने बुलाया। उसके बाद हम लोग गोद में उठाकर बाइक से अस्पताल लाये थे। यहां से गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।'

**ट्रेन से भागा उत्तर प्रदेशः** पुलिस सूत्रों की मानें तो जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेन के जरिए उत्तर प्रदेश की ओर भागा है। उसकी लोकेशन पुलिस लगातार ट्रेस कर रही है। संभावित लोकेशन पर रेड जारी है। टेक्निकल इनपुट के अलावा अन्य माध्यमों से भी उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

## पटना के दलदली रोड में धू-धूकर जली बिल्डिंग

लोकतंत्र की शान, पटना



राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र स्थित दलदली रोड में देर रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब प्रेम कुमार नाम के शख्स के मकान में अचानक आग भड़क उठी। आसपास के दुकानदार और घर मालिक अपने-अपने घरों से भागने लगे। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, तब तक घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि महज 5 मिनट के भीतर पूरी बिल्डिंग धू-धू कर जलने लगी। तेज लपटों को देख आसपास के दुकानदार और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि, रात 2:30 बजे के करीब दलदली रोड से खबर मिली कि भीषण आग लगी है। सूचना के आधार पर फौरन दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक पूरी बिल्डिंग आज की चपेट में आ गई थी। पतले रास्तों के कारण दमकल की गाड़ियों को पहुंचने में भी परेशानी हुई। आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। साइड से सीढ़ी लगाकर पानी की बौछार की गई। करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## म्यूजिक डायरेक्टर साजिद के भाई को पटना लाई पुलिस


लोकतंत्र की शान, पटना

बॉलीवुड के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर साजिद-वाजिद के सौतेले भाई सिंगर जावेद शराफत अली खान को पटना पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। उन्हें रविवार को पटना सिविल कोर्ट में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद जावेद के बेटे के साथ साथ भाई म्यूजिक कंपोजर साजिद अली खान पटना पहुंचे हैं।

साजिद ने एक होटल के बंद कमरे में अपने भाई को समझने की कोशिश की और कहा- रुपए वापस कर दो। इस मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में साजिद जावेद से बोल रहे हैं- 'तू चार झूठ पहले बोल चुका है तो तेरे पांचवें सच की क्या वैल्यू है'। इस पर पुलिस बोल रही- परेशानी तो सबके जीवन में आती है, लेकिन समय निकालकर सबकुछ देखना पड़ता है।' सूत्रों की माने तो इसके अलावा साजिद होटल के कमरे में पुलिस वालों को कुछ देने के लिए झोले लेकर पहुंचे थे, जिसमें लिफाफे, चॉकलेट और सलमान खान के सिंबल वाले महंगे इत्र थे। जावेद शराफत अली खान पर पटना के डॉक्टर सैयद शाहिद महमूद से लगभग 71 लाख रुपए म्यूजिक कंपोज के नाम पर ठगी करने के आरोप है। साल 2024 में पटना के रहने वाले डॉक्टर ने गांधी मैदान थाने में FIR दर्ज करवाई थी। करीब दो साल जांच-पड़ताल के बाद पटना पुलिस ने उन्हें मुंबई से अरेस्ट किया और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर आई है। पीड़ित पक्ष के वकील दिनकर दुबे ने बताया, मेरे क्लाइंट डॉक्टर सैयद शाहिद महमूद बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली के जरिए जावेद शराफत अली के संपर्क में आए थे। उनके कहने पर म्यूजिक कंपोज करने के लिए जावेद शराफत अली से बातचीत की थी।

# क्रूज से कीजिए गंगा में सैर, मरम्मत के तीन महीने बाद फिर शुरू होगा परिचालन

लोकतंत्र की शान, पटना




- 50 रुपए किराया भी घटाया
- सैर की अवधि 45 मिनट से घटाकर 40 मिनट कर दी गई है
- यह क्रूज दीघा के जनार्दन घाट से खुलती है
- यह क्रूज 300 पर्यटकों की क्षमता वाला है

पटना में आज से लोग गंगा में सैर का लुफ्त उठा सकते हैं। आज से रो-पैक्स क्रूज फिर से गंगा में चलेगा। मरम्मत को लेकर करीब तीन महीने के बाद इस क्रूज का परिचालन आज से शुरू होगा। इस पर सफर करने के लिए प्रति व्यक्ति किराया 300 रुपए से घटाकर 250 रुपए कर दिया गया है। हालांकि, सैर की अवधि 45 मिनट से घटाकर 40 मिनट कर दी गई है। यह क्रूज दीघा के जनार्दन घाट से खुलती है। यह क्रूज 300 पर्यटकों की क्षमता वाला है।

**गांधी घाट तक चलाने की तैयारीः** अब इस क्रूज को जल्द ही गांधी घाट तक चलाने की तैयारी है। इससे लोग गंगा में करीब 15 किमी की सैर कर सकेंगे। संचालक द्वारा रूट विस्तार के लिए अप्रैल में पर्यटन निगम, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाएगा। अभी यह दीघा के जनार्दन घाट के आसपास ही चलता था।

**पार्टी के लिए करा सकेंगे बुकः** इस क्रूज में जन्मदिन, शादी की सालगिरह, एंगेजमेंट या अन्य निजी कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए 1 से 8 घंटे तक के अलग-अलग पैकेज हैं। इन पैकेजों का शुल्क 40 हजार से 2.20 लाख तक रखा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

# अमिलिया थाना की पुलिस का चला कार्यवाही का चाबुक

**रेत से लदा हाइवा और जेसीबी मशीन जब्त**



(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) **लोकतंत्र की शान सीधी।** पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार दिनांक 26 मार्च 2026 की रात्रि, थाना अमिलिया की पुलिस टीम वाहन चेकिंग हेतु मूड़ा पहाड़ क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरदी में बृजवासी लाल पटेल के ढाबे के सामने जेसीबी मशीन के माध्यम से हाइवा में अवैध रूप से रेत लोड की जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने गवाहों के साथ तत्काल मौके पर दबिश दी। तस्दीक के दौरान पाया गया कि हाइवा क्रमांक यूपी 63 एटी 2022 में जेसीबी मशीन क्रमांक यूपी 63 एटी 7172 द्वारा अवैध रूप से रेत का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। मौके पर मौजूद मुख्य आरोपी बृजवासी लाल पटेल से रेत उत्खनन व भंडारण के संबंध में वैध दस्तावेज/लाइसेंस मांगे गए, जो प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रेत से लदे हाइवा और जेसीबी मशीन को मौके पर ज़ब्त कर लिया है। अंधेरे का लाभ उठाकर हाइवा चालक फरार होने में सफल रहा, जिसकी तलाश जारी है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303(2), 317(5) एवं खान खनिज अधिनियम की धारा 4, 21 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस, उप निरीक्षक राजमणि अहिरवार, प्रआर लोकेन्द्र सिंह, आरक्षक अभिषेक चौधरी एवं आरक्षक रघुराज सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## रेवाड़ी: ट्रक ने युवक को कुचला, चालक मौके से फरार

**लोकतंत्र की शान : रेवाड़ी।** धारूहेड़ा क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, द्वारकाधीश मंदिर के पास एक युवक सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान 75 फुटा रोड पर तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और मौके पर ही बुरी तरह कुचल दिया। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को संभाला और पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही धारूहेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, जिसके चलते पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार ट्रक चालक और वाहन की पहचान की जा सके। साथ ही, मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## फतेहाबाद : गुम मोबाइल के जरिए की हजारों की ठगी, साइबर पुलिस ने आरोपी को किया काबू

**लोकतंत्र की शान : फतेहाबाद।** गुम मोबाइल के जरिए हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस द्वारा आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने रविवार को बताया कि इस संबंध में 11 फरवरी को नेशनल साइबर पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता फतेहाबाद में रह रहे रत्ताखेड़ा निवासी पोकर सिंह ने अपनी शिकायत में कहा था कि 10 फरवरी 2026 को उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल का दुरुपयोग करते हुए यूपीआई के माध्यम से उनके पंजाब नेशनल बैंक, रतिया स्थित खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन कुल 90 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई। जब उसे इसका पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करवाने पर पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में अपराध पाए जाने पर 16 मार्च को थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे काबू किया। आरोपी की पहचान रत्ताखेड़ा गांव के ही प्रिंस कुमार के रूप में हुई, जिसने गुम मोबाइल का गलत इस्तेमाल कर उक्त धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

## कोटा में 1 अप्रैल को भव्य रेल प्रदर्शनी, आधुनिक तकनीकों का मिलेगा अनुभव

**लोकतंत्र की शान : कोटा।** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल स्थापना दिवस के अवसर पर 1 अप्रैल को मेनाल ऑफिसर्स क्लब में भव्य रेल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। प्रदर्शनी को लेकर आमजन में उत्साह देखा जा रहा है और इसे जनसुलभ व आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में रेलवे की आधुनिक तकनीक और कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग, वाणिज्य, रेलवे सुरक्षा बल, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत, यांत्रिक और परिचालन सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर कार्यशील मॉडल, डिजिटल स्क्रीन और इंटरैक्टिव माध्यमों से जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। प्रमुख आकर्षणों में कवच 4.0 स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, अमृत भारत स्टेशन योजना, 2×25 केवी ओएचई विद्युतीकरण, हाई स्पीड ट्रायल, रेल मदद ऐप और रेलवन ऐप जैसी पहलें शामिल होंगी। आयोजन में सेल्फी प्वाइंट, विजुअल डिस्प्ले और पारिवारिक माहौल की भी व्यवस्था की गई है। रेलवे प्रशासन ने शहरवासियों, विद्यार्थियों और रेल प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का लाभ उठाने की अपील की है। प्रदर्शनी 1 अप्रैल को मेनाल ऑफिसर्स क्लब, रेलवे स्टेशन के पास, कोटा में आयोजित होगी और प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## राव बीकाजी संस्थान के पांच दिवसीय कार्यक्रम 15 अप्रैल से, प्रदर्शनी से होगा आगाज

**लोकतंत्र की शान : बीकानेर।** राव बीकाजी संस्थान की ओर से बीकानेर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रमों का शुभारंभ 15 अप्रैल से होगा। संस्थान अध्यक्ष डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा ने बताया कि इस वर्ष एंटीक वस्तुओं की प्रदर्शनी, पारंपरिक लोक संगीत, विचार गोष्ठी, त्रिभाषा काव्य संगम तथा बीकाजी प्रतिमा पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री विद्यासागर आचार्य के अनुसार इस बार पारंपरिक स्थलों के साथ कुछ नए स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चुरहट नगर में फैला शराबियों का उतापात, विवाद पर उतारू

» कन्या विद्यालय के समीप संचालित शराब दुकान और अवैध अहाते

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** चुरहट नगर में शराबियों का आतंक फैला हुआ है। यह सब कुछ संचालित अवैध अहातों की वजह से हो रहा हैं । पूरी सड़क में शराबियों के द्वारा वाहनों को लोगों के घर के सामने खड़ा कर दिया जाता हैं । अगर मना किया जाए तो मारपीट व गाली गलौज में उतारू हो जाते हैं । शराब भट्टी के अगल- बगल ही आधा दर्जन अहाते खुले है। अहातों में खुले आम बैठा कर शराब पिलाई जाती है। शराब दुकान से 300 मीटर दूरी पर कन्या विद्यालय स्थित है । नशे में चूर शराबियों के चलते यहां आए दिन विवाद होता रहता है । शराबियों द्वारा




जब भी छात्राएं विद्यालय के लिए निकलती है तो उनके साथ अनर्गल बात व अश्लील गाना गाते हैं । शाम को महिलाए जब मंदिर जाती है तो शराबियों द्वारा परेशान किया जाता है । शर्म की वजह से महिलाएं व छात्राएं किसी से शिकायत नहीं कर सकती हैं । शराबियों की कारगुजारियों के चलते छात्राएं और महिलाएं काफी असहज महसूस करती हैं। शराबियों के आतंक के चलते बस्ती के लोगों का रहना नरकीय बन चुका है। चुरहट नगर में नेशनल हाईवे 39 से लगी शराब दुकान स्थित है । ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर किसके संरक्षण में चुरहट नगर के व्यस्ततम और संवेदनशील इलाके में अवैध अहाते संचालित है । अगर इस गंभीर मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ी घटना कभी भी हो सकती है ।

**अवैध रूप से मांस की कटाई-** चुरहट नगर में मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से मांस की कटाई की जाती हैं। उसका खून व कचड़ा नाली में फेंका जाता है । जिससे संबंधित क्षेत्र में भारी दुर्गंध बनी रहती है। यही से पानी सप्लाई की पाइप लाइन भी बिछी है । पाइप जहां लीकेज है वहां से पीने के पानी में भी मांस का पूरा खून भी मिल जाता है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का अंदेशा भी बना हुआ है।

## रेत के अवैध परिवहन में लगा हाइवा जप्त



लोकतंत्र की शान (ऋचा पाण्डेय की रिपोर्ट)

**सीधी।** मड़वास थाना पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन में लगे एक हाइवा को जप्त किया है। पुलिस के अनुसार आज मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम महखोर में एक हाइवा गोपद नदी भदौरा से अवैध रूप से रेत लोड कर परिवहन कर रहा है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक आरबी सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, प्रधान आरक्षक विजय ङ्क्षसह, सूर्यप्रताप सिंह ने आज मुखविर की सूचना पर दबिश देकर हाइवा क्रमांक एमपी 53 जेडई 3438 जो कि अवैध रेत लोड कर परिवहन कर रहा था उसको रोंका। पूंछताछ पर हाइवा चालक ने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया। लिहाजा अवैध रेत परिवहन पाए जाने पर हाइवा व चालक के विरुद्ध थाना मड़वास में अपराध क्रमांक 141/26, धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जप्तशुदा वाहन हाइवा के विरुद्ध राजसात की कार्रवाई किए जाने हेतु जिला दंडाधिकारी सीधी को पत्र भेजा गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी के निर्देशन में की गई है।


## नवल हार्ट पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल कटनी का बच्चों को परीक्षा रिजल्ट घोषित, आलिया फातिमा को प्रिंसिपल मैम के द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया

लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

**कटनी :** कटनी नवल हार्ट पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल कटनी के द्वारा kg1 से 4 तक के बच्चों को परीक्षा रिजल्ट घोषित होने पर इन बच्चों का फर्स्ट डिवीजन से लेकर थर्ड डिवीजन तक के बच्चों को सील ट्रॉफी से सम्मानित किया गया किया गया और इन्हें फील्ड भी प्राप्त हुए जिसमें जो बच्चे फर्स्ट आए हैं उनके नाम है आराध्या प्रतीक्षा आलिया फातिमा, नबी पूर्वी हर्षिका दित्या इत्यादि बच्चे प्रथम द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और शील्ड भी प्राप्त किया थे नोबल हार्ट पब्लिक इंग्लिश मीडियम हाई सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर अनिल घर और प्राचार्य श्रीमती रचना गर्ग के कड़ी मेहनत और टीचरों का के द्वारा बच्चों के प्रति लगन से बच्चों को मेहनत से पढ़कर बच्चों को इस ऊंचाई तक पहुंचाएं जो काबिले तारीफ है टीचर बच्चों की नीव हैं जो बच्चों को स्कूल के समय मेहनत से उन्हें उनका सहयोग करती है पड़ता है जिससे बच्चे का विकास और आगे बढ़ सके इसमें थोड़ा सा टीचरों को एक साथ व्यवहार करके बच्चों के प्रति अपनी ईमानदारी दिखाना चाहिए ताकि बच्चे आगे बढ़ सके। थर्ड क्लास में फर्स्ट आने






वाली छात्राएं आलिया फातिमा ने अपने मेहनत लगन से टीचरों के दम पर बच्चे यहां तक पहुंचे आलिया फातिमा पत्रकार हसन राशिद की बेटी है।

# सड़क हादसे में मां-बेटी समेत तीन घायल, दो की हालत गंभीर

लोकतंत्र की शान

**फतेहपुर :** में शनिवार रात एक सड़क हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। मदनपुर गांव में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने खेत से लौट रही मां-बेटी को टक्कर मार दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले जाया गया, जहां से दो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, मदनपुर निवासी उर्मिला देवी (32) अपनी 10 वर्षीय बेटी शालिनी के साथ खेत से मजदूरी कर घर लौट रही थीं। खांझादेवी मंदिर के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में उर्मिला देवी और मोटरसाइकिल सवार शनि (30), पुत्र पप्पू, निवासी मदनपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। शालिनी को मामूली चोटें आईं। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सूचना मिलने पर परिजन



पहुंचे और 102 एंबुलेंस से घायलों को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. देशराज ने प्राथमिक उपचार के बाद उर्मिला देवी और शनि की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शालिनी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। यह घटना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों से बढ़ते खतरों को उजागर करती है कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया मौके पर जाकर मना किया गया है घायलों को बेहतर इलाज के लिए बाराबंकी रेफर किया गया दो लोगों की हालत थोड़ा गंभीर है मामले की हर पहलू पर जांच कर रहे हैं आगे की कार्रवाई प्रार्थना पत्र मिलने के बाद की जाएगी

# चोरी के आरोपियों को धार जिले के जंगलों से किया गिरफतार

» 12सौ किलोमीटर दूर किया सर्जिकल स्ट्राइक
» 200+ CCTV कैमरों और सायबर सेल की मदद से सुलझी 23.80 लाख की सनसनीखेज चोरी; 02 शातिर आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के कुशल निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश के नेतृत्व में थाना कमर्जी पुलिस ने एक बड़ी अंतरराज्यीय चोरी का सफल पटाक्षेप किया है। एसआईटी टीम ने सीधी से लगभग 1200 किलोमीटर दूर जिला धार के दुर्गम क्षेत्रों में दबिश देकर शातिर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका बरामद किया है।

**घटना का सारांश एवं SIT गठन-** विगत दिनों फरियादी रोशन सिंह चौहान निवासी ग्राम कोल्हूडीह




(थाना कमर्जी) के सूने मकान का दरवाजा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी पार कर दिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस 2023 के तहत कायम कर एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया गया।

2. **तकनीकी कौशल: 'ऑपरेशन धार'** -विवेचना के दौरान टीम ने घटनास्थल से लेकर टोल प्लाजा और बॉर्डर क्षेत्रों के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का सघन विश्लेषण किया। सायबर सेल द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध सफेद रंग की अर्टिगा कार का पीछा किया गया। पीछा करते हुए टीम जिला धार के थाना टांडा एवं थाना बाग के घने जंगलों तक पहुँची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से घेराबंदी कर दो मुख्य आरोपियों को दबोच लिया।

3. **गिरफ्तार आरोपी**

**दिनेश मंडलोई (33 वर्ष):** निवासी भगोरी, थाना बाग, जिला धार (म.प्र.)।

**अदन अलावा (45 वर्ष):** निवासी ग्राम पीपलवा, थाना टांडा, जिला धार (म.प्र.)।

गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

4. **बरामद मशरूका (कुल कीमत 23,80,000/-)**

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल और घटना में प्रयुक्त/खरीदे गए वाहन बरामद किए हैं:

**सोना:** लगभग 40 ग्राम (कीमत 6,00,000)

**चांदी:** लगभग 450 ग्राम (कीमत 1,80,000)

**वाहन 01:** घटना में प्रयुक्त सफेद अर्टिगा कार (कीमत 10,00,000)

**वाहन 02:** चोरी के पैसों से खरीदी गई नई ईको ओमनी कार (कीमत 6,00,000)

5. **सराहनीय भूमिका-** इस कठिन और साहसिक ऑपरेशन को सफल बनाने में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों की विशेष भूमिका रही: उपनिरीक्षक अतर सिंह, सउनि केसरी प्रसाद पांडे , आरक्षक प्रदीप मिश्रा , आरक्षक आजाद खान, आरक्षक नवीन सिंह, आरक्षक सुनील डावर, आरक्षक नीरज सिंह एवं आरक्षक शिवम पाण्डेय आदि लोगो का योगदान अहम रहा।

## कटनी जिले में महावीर जयंती का अवकाश अब 30मार्च को

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश

**कटनी ।** राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर्स को महावीर जयंती के अवकाश के संबंध में निर्णय लेने के दिए निर्देश पर कटनी जिले के लिए पूर्व में मंगलवार 31 मार्च को महावीर जयंती के लिए घोषित सार्वजनिक अवकाश में अब संशोधन किया गया है। स्थानीय समाज द्वारा सोमवार 30 मार्च को ही महावीर जयंती मनाने की मंशा और जनभावनाओं के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने कटनी जिले में सोमवार 30 मार्च को महावीर जयंती के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी



» 31 मार्च को खुलेंगे शासकीय कार्यालय व संस्थाएं
» कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी किया आदेश

द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि मंगलवार 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं खुलेंगी।

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित हुवा संकटा देवी धाम महमूदाबाद मे

लोकतंत्र की शान

**महमूदाबाद, सीतापुर:** महमूदाबाद नगर के प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम के सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार की रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। देर रात तक चले कवि सम्मेलन में आए ओज, श्रृंगार व हास्य व्यंग्य के प्रसिद्ध कवियों ने अपने सुमधुर स्वरों से जब छंद, मुक्तक व गीत आदि प्रस्तुत किए तो श्रोताओं ने जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी क्षेत्र के विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा कि कविता प्राचीन काल से जनमानस व शासन को जगाने का कार्य करती आ रही है। कवि सम्मेलनों के माध्यम से लोगों को साहित्य के क्षेत्र में हो रहे प्रयोगों की भी जानकारी मिलती है। कवि सम्मेलन का शुभारंभ खागा फतेहपुर से पधारे हास्य के हाहाहुति कवि समीर शुक्ल की वाणी वंदना से हुआ। उन्होंने श्रोताओं को गुदगुदाते हुए पढ़ा कि 'जहिकी नियत हृदय साफ़, होय तरक्की अपने आप, मिटै दोष दुख औ संताप। हर हर करैं कठौती गंगा, जब हो जाए मन चंगा, टिंनिक टिंनिक हर गंगा। इटावा से पधारे ओज व शौर्य के सशक्त हस्ताक्षर देवेंद्र प्रताप सिंह आग ने पढ़ा कि 'भारती की तीन रंग वाली यह चुनर भी, राजनीति की दुधारी से कुतर गई है। देश कैसे धोयेगा कलंक इस बात का, कि शेखर की माई भीख मांग मर गई है।' प्रसिद्ध गीतकार डॉ. ओम शर्मा ने सामाजिक गीतों के द्वारा जहां लोगों को सोंचने पर मजबूर किया वहीं कविताओं के माध्यम से आजकल की व्यवस्था पर प्रहार करते हुए पढ़ा कि 'कैसे खुद को वह ढाल लेते हैं, जिस्म से जां निकाल लेते हैं। बूढ़े मां-बाप को भाग करके, लोग कुत्तों को पाल लेते हैं।' प्रसिद्ध व्यंग्यकार व हास्य के प्रसिद्ध हस्ताक्षर बाराबंकी से पधारे विकास बौखल ने श्रोताओं को गुदगुदाते हुए पढ़ा कि 'किसी खंजर से न तलवार सी जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा न मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित कवि कमलेश मौर्य मृदु ने पढ़ा कि 'मिलकर आंख दुनिया से ये भारत बात करता है, पटखनी पर पटकनी दे जो इससे




घात करता है। बुलेट एके-47 का कभी आयात करता था, वो भारत विश्व में ब्रह्मोस का निर्माण करता है।' कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे ओज व शौर्य के सशक्त हस्ताक्षर राम किशोर तिवारी ने कविता पाठ करते हुए कहा कि 'राम की छवि हृदय में उतर करूं, रूप सुंदर सलोना निहारा करूं। कामना बस यही है जनम-दर-जनम, मैं सिया राम के पग पखारा करूं।' मृत्युंजय वाजपेयी ने कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि ' सभी हर्षित हैं प्रफुल्लित है, जले हैं दीप घर-घर में, हुआ है आगमन प्रभु का मेरे श्री राम आए हैं।' कवि भास्कर शर्मा ने बेटी पर कविता सुनाकर श्रोताओं की वाहवाही लूटी। जिला पंचायत बाराबंकी की अध्यक्षा राजरानी रावत, विधानसभा कुर्सी के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा सहित अन्य अतिथियों व कवियों का धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, शिवदास पुरवार, शिवम विक्रांत, लालतस प्रसाद जायसवाल, अशोक नाग द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन व मां संकटा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सम्मेलन का संचालन विभिन्न विधाओं व रसों के प्रसिद्ध कवि रामकिशोर तिवारी ने किया। इस मौके पर राजाराम यादव, दिग्विजय सिंह, सत्यनारायण पुरवार, ज्ञानेश मिश्र, अवधराम मौर्य, सीपी त्रिपाठी, दिनेश चंद्र पांडेय, करुणाशंकर मिश्र, राधेश्याम वर्मा, अनिरुद्ध वर्मा, देवेंद्र सिंह, जयपाल आर्य, हेमंत दास, शिवम वर्मा, अंशुमान मिश्र, चक्र सुदर्शन पांडेय, श्रवण वर्मा, केके सिंह, कृतार्थ मिश्र, राजेश जैन, डॉ लोकपति वर्मा, लवकेश गुप्त, वैभव सिंह, रितेश सिंह, डॉ रजनीश मिश्र, पंकज जायसवाल, मंजू सिंह, प्रतिभा सिंह, बच्चा सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, नरेंद्र पांडेय, दिनेश पाठक, राजकुमार वर्मा, शैलेन्द्र तिवारी, आलोक वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमियों ने देर रात तक चले कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

### मेला महोत्सव में आज

श्री संकटा देवी धाम के मेला महोत्सव में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को रात्रि आठ बजे से गजानन पार्टी के कलाकारों के द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शानदार झांकियों का प्रदर्शन होगा। यह जानकारी मेला मैनेजर अशोक नाग ने दी।

संक्षिप्त समाचार

## रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन, बेटे गौतम सिंघानिया ने मुखाग्नि दी

**मुंबई।** टेक्सटाइल ब्रांड 'रेमंड' को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं। 87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं। गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। विजयपत सिंघानिया 1980 में रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और MD बने थे। सिंघानिया के नेतृत्व में रेमंड ग्रुप सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने ग्रुप का विस्तार सिंथेटिक फैब्रिक्स, डेनिम, स्टील, इंडस्ट्रियल फाइल्स और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में किया। उनके विजन ने रेमंड को एक कपड़ा कंपनी से बदलकर एक बड़े औद्योगिक ग्रुप के रूप में खड़ा कर दिया। बिजनेस के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान रहा। वे 2007 से 2012 तक आईआईएम अहमदाबाद की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन भी रहे। विजयपत सिंघानिया को जोखिम लेने वाले कॉर्पोरेट लीडर के तौर पर जाना जाता था। उन्हें एडवेंचर और एविएशन का शौक था। नवंबर 2005 में, 67 साल की उम्र में उन्होंने हॉट एयर बैलून के जरिए लगभग 69,000 फीट की ऊंचाई तक उड़कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले 1988 में उन्होंने एक माइक्रोलाइट विमान में लंदन से नई दिल्ली तक 23 दिन में अकेले उड़ान भरकर 'स्पीड-ओवर-टाइम एंड्योरेंस रिकॉर्ड' बनाया था। 1994 में भारतीय वायुसेना ने उन्हें 5000 घंटे से ज्यादा की फ्लाइट एक्सपीरियंस के कारण 'मानद एयर कमोडोर' बनाया, जबकि 2006 में उन्हें मुंबई का 'शेरिफ' नियुक्त किया गया था।

## ओली ने जिस पुलिस हेडक्वार्टर का किया था उद्घाटन, उसी में गिरफ्तार कर लाए गए

**काठमांडू।** काठमांडू स्थित जिस पुलिस मुख्यालय का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और उनके गृहमंत्री रहे रमेश लेखक ने किया था, शनिवार को उसी भवन में एक आरोपित के रूप में उन्हें हिरासत में लाया गया। 25 अगस्त 2024 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ओली और गृहमंत्री लेखक ने काठमांडू के भद्रकाली में जिला पुलिस मुख्यालय भवन का उद्घाटन किया था। विडंबना यह है कि उस पुलिस भवन में उद्घाटन के करीब 19 महीने बाद इन दोनों को चर्चित आरोपित के रूप में गिरफ्तार कर लाया गया। ओली और लेखक ने कभी सोचा नहीं होगा कि उन्हें उसी पुलिस हेडक्वार्टर में आरोपित के रूप में हिरासत में रहना होगा, जिसका उन्होंने खुद उद्घाटन किया था। शनिवार सुबह पूर्व प्रधानमंत्री ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को प्रदर्शनकारी छात्रों पर गोली चलवा कर हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर काठमांडू जिला के पुलिस मुख्यालय में हिरासत में रखा गया था। 8 सितंबर 2025 को हुए जेन जी प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोली से 27 छात्रों की मौत हो गई और इस पूरे घटनाक्रम में कुल 76 लोगों की जान गई थी। इस घटना की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने ओली और लेखक को इन छात्रों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए इनके खिलाफ हत्या का मामला चलने की सिफारिश की थी। नेपाल में शुक्रवार को बालेन्द्र सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में ओली और लेखक को गिरफ्तार करने का फैसला किया गया था जिसके बाद शनिवार सुबह दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस समय ओली को काठमांडू के शिक्षण अस्पताल में रखा गया है जबकि पूर्व गृहमंत्री लेखक इसी भवन में हिरासत में बंद हैं।

## बांग्लादेश: शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप को 8 अप्रैल को अदालत में पेश होने का नोटिस

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप रिजवाना सिद्दिकी समेत दो आरोपितों को 8 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। ट्यूलिप लंदन में रहती हैं और ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। उनके खिफाल गुलशन में कथित फ्लैट धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस मामले में राजुक के पूर्व सहायक कानूनी सलाहकार सरदार मोशर्रफ हुसैन भी आरोपित हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद शब्बीर फैज की अदालत ने रविवार को यह आदेश जारी किया। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजन प्रभाग के सहायक निदेशक (सामान्य) अमीनुल




इस्लाम ने इसकी पुष्टि की। इस्लाम के अनुसार, बांग्लादेश सरकारी प्रिंटिंग प्रेस (बीजी प्रेस) ने 8 मार्च को एक नोटिस जारी कर आरोपितों को अदालत के सामने पेश होने के लिए कहा था। ईद की छुट्टियों के कारण गजट समय पर प्रकाशित नहीं हो सका, जिसके कारण अदालत को दोबारा तारीख तय करनी पड़ी। इससे पहले, 18 फरवरी को अदालत ने ट्यूलिप और सरदार मोशर्रफ हुसैन के खिलाफ दायर आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पिछले साल 15 अप्रैल को ट्यूलिप के साथ राजुक के पूर्व सहायक कानूनी सलाहकार शाह मोहम्मद खसरुज्जमां और सरदार मोशर्रफ हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में उन पर गुलशन-2 में 'ईस्टर्न हाउसिंग लिमिटेड' के स्वामित्व वाले एक फ्लैट पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद शाह मोहम्मद खसरुज्जमां ने जुलाई में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसके बाद उनके खिलाफ चल रही जांच पर तीन महीने के लिए रोक लगा दी गई। बाद में भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 'चैंबर कोर्ट' का रुख किया, लेकिन उसे वहां से कोई राहत नहीं मिली। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 11 दिसंबर को जांच पूरी करने के बाद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी और सरदार मोशर्रफ हुसैन के खिलाफ दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया।

## दिल्ली के चांद बाग में बहुमंजिला मकान में लगी आग, चार लोगों ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र स्थित चांद बाग में आज तड़के एक बहुमंजिला मकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। आग ग्राउंड फ्लोर की पार्किंग में खड़े दो स्कूटर और एक मोटरसाइकिल में लगी, जिसके बाद धुआं तेजी से फैल गया। धुएं से घबराकर पहली मंजिल पर मौजूद चार लोगों ने छलांग लगा दी, जबकि दमकल कर्मियों ने ऊपरी मंजिलों से चार अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल विभाग को घटना की सूचना रात करीब 2:30 बजे मिली। सूचना मिलते ही चार दमकल की गाड़ी मौके पर भेजी गईं। आग की गंभीरता को देखते हुए करीब 2:56 बजे 'मेक-4' घोषित किया गया, जिसके बाद अतिरिक्त दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। कुल 11 दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, इमारत ग्राउंड प्लस पांच मंजिल की है और इसका क्षेत्रफल करीब 50 वर्ग गज है। आग से उठे धुएं ने ऊपरी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लोग फंस गए। दमकल कर्मियों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल से चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं चौथी मंजिल से एक बच्चे को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। घटना के दौरान निकहत (22), राशिदा (50), सोनी (25) और दो वर्षीय आशिफ ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। सभी को तत्काल जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। वहीं सुवेद (12), दुर्वेद (10), आरिफा (28) और फराह (14) को दमकल कर्मियों ने सुरक्षित बचा लिया। सुबह करीब 6:20 बजे तक दमकल की सभी गाड़ियां वापस लौट गईं और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। मौके पर एडीओ दीपक हुड्डा के नेतृत्व में राहत कार्य चलाया गया। फिलहाल दयालपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण पार्किंग में खड़े वाहनों से जुड़ा माना जा रहा है। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# यूक्रेन के हमले से 40 प्रतिशत रूसी तेल निर्यात प्रभावित

एजेंसी, मॉस्को/कीव

यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे ड्रोन हमलों ने रूस के तेल निर्यात ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन के ड्रोन हमलों, एक प्रमुख पाइपलाइन पर हमले और टैंकरों को जब्त किए जाने के बाद रूस की तेल निर्यात क्षमता का कम से कम 40 फीसदी हिस्सा ठप पड़ गया है। रूस के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र उस्त-लूगा बंदरगाह पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम एक तेल लोडिंग पियर पूरी तरह नष्ट हो गया है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर आई रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है।

अंतरराष्ट्रीय मीडया एनबीसी व अन्य रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोलियम उत्पादों के रिसाव के कारण लगी आग और हमले में न केवल बर्थ बल्कि कई स्टोरेज टैंक और तकनीकी ढांचे भी प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, 23 मार्च की रात को यूक्रेन ने रूस के बड़े तेल बंदरगाह प्रिमोर्स्क पर हमला किया था, जिसमें भीषण आग लग गई थी। इस आग में कई बर्थ और दो टैंकर चपेट में आ गए थे। इसके बाद 25 मार्च और फिर 27 मार्च की रात को यूक्रेनी ड्रोनों ने उस्त-लूगा और



प्रिमोर्स्क बंदरगाहों को दोबारा निशाना बनाया। ये दोनों बंदरगाह बाल्टिक सागर क्षेत्र में रूस के सबसे अहम तेल निर्यात केंद्र माने जाते हैं।

यह शटडाउन रूस के तेल सप्लाई में अब तक की सबसे बड़ी रुकावट है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल एक्सपोर्टर है और यह रुकावट मॉस्को के लिए ठीक ऐसे समय पर आई है जब ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतें $100 प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। रूस का तेल उत्पादन राष्ट्रीय बजट के लिए कमाई के मुख्य स्रोतों में से एक है और $2.6 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ज़रूरी है।

इस महीने यूक्रेन ने रूस के तेल और ईंधन एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। इन हमलों में रूस के तीन मुख्य पश्चिमी तेल एक्सपोर्ट पोर्ट्स को निशाना बनाया गया, जिनमें ब्लैक सी पर नोवोरोस्सिय्स्क, और बाल्टिक सी पर प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा शामिल हैं। ताज़ा हमले के बाद बुधवार तक रूस की क्रूड ऑयल एक्सपोर्ट क्षमता का लगभग 40 फीसदी हिस्सा या लगभग 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन बंद हो गया था। इसमें प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा के साथ-साथ द्रुजबा पाइपलाइन भी शामिल है, जो यूक्रेन से होते हुए हंगरी और स्लोवाकिया तक जाती है। हमलों के बाद दोनों बंदरगाहों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। रूसी तेल कंपनियों ने खरीदारों को चेतावनी दी है कि वे शिपमेंट पर 'फोर्स मेज्योर' लागू कर सकती हैं।

नोवोरोस्सिय्स्क टर्मिनल (क्षमता 7 लाख बैरल/दिन) हमले के बावजूद पूरी क्षमता से कम पर काम कर रहा है। मुरमान्स्क से आर्कटिक तेल निर्यात (3 लाख बैरल/दिन) भी टैंकरों की रोक के कारण बाधित है। इन बाधाओं के बीच रूस चीन को पाइपलाइनों (स्कोवोरोडिनो-मोहे और अतासु-अलाशांकौ मार्ग) के जरिए तेल सप्लाई जारी रखे हुए है। साथ ही, कोजमिनो बंदरगाह के माध्यम से ईएसपीओ क्रूड का निर्यात भी जारी है। इन मार्गों से कुल लगभग 19 लाख बैरल प्रतिदिन सप्लाई हो रही है।

# मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

एजेंसी, मेरठ

मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा- पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है। इसलिए इरादतन प्रतिमा के नीचे जो जाट शब्द लिखा था, उसको रातों-रात हटवाया गया। हम इस तरह अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

हालांकि ये हंगामा कार्यक्रम खत्म होने के बाद हुआ। भगवंत सिंह मान समेत तमाम नेता वापस जा चुके थे। इससे पहले पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह और राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनिवाल सकौती के हितकारी इंटर कॉलेज पहुंचे।

उन्हें महाराजा सूरजमल की



- **सांसद बोले- पुलिस ने हटवाया, बालियान बात करेंगे...नहीं तो योगी को हटवा देंगे**

प्रतिमा अनावरण करना था। जैसे ही भगवंत मान प्रतिमा का अनावरण करने जाने लगे, तभी भीड़ टूट पड़ी। इससे भगवंत मान आगे नहीं बढ़ पाए। वह बिना अनावरण के ही वापस लौटे।

भगवंत मान के जाने के बाद मुजफ़्फ़रनगर से पूर्व केंद्रीय मंत्री, भाजपा नेता संजीव बालियान ने महाराज सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण किया। संसद में यूपी समेत 5 राज्यों से हजारों लोग पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, पांच लाख का ईनामी नक्सली कमांडर मूचाकी कैलाश ढेर

एजेंसी, सुकमा

सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई।

मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपये के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था।

पुलिस के अनुसार, मूचाकी



कैलाश कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा था, जिनमें नागरिकों की हत्या, सुरक्षाबलों पर हमले और आईईडी विस्फोट की साजिशें शामिल हैं। वहीं बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि माओवादी कैडरों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर अब अंतिम चरण में है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और शांतिपूर्ण जीवन अपनाएं। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल सतर्क हैं।

# सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान का बड़ा हमला, अमेरिकी जासूसी विमान तबाह

एजेंसी, तेहरान

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब पांचवें सप्ताह में पहुंच गया है। रविवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल और ड्रोन के बड़े हमले में अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान पूरी तरह नष्ट हो गया। आईआरजीसी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने अमेरिकी ईंधन भरने और हवाई सहायता बेड़े को निशाना बनाया, जिसमें कई बड़े सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से बताया कि ईरान ने सऊदी अरब में एक बेस को निशाना बनाकर किए गए संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमलों में एक अमेरिकी ई-3 एडब्ल्यूएसीएस जासूसी विमान को नष्ट कर दिया है।

विश्लेषण में सामने आया है कि हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से रडार डोम को निशाना बनाया गया। यह वही




भाग होता है जिसमें एएन/एपीवाई-2 सर्विलांस रडार सिस्टम लगा होता है, जो विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केंद्र है। तस्वीरों में विमान के पिछले हिस्से में भारी संरचनात्मक क्षति देखी गई है। यह विमान हाल ही में 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत इस बेस पर तैनात किया गया था और अमेरिकी वायुसेना की 552वीं एयर कंट्रोल विंग का हिस्सा था। इस घटना के बाद अमेरिकी E-3 बेड़े में विमानों की संख्या 16 से घटकर 15 रह गई है।

अन्य मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, हमले में छह बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 हथियारों से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। इस हमले में कम से कम 15 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सऊदी अरब के अल खर्ज बेस पर ईंधन भरने वाले विमानों पर पहले किए गए हमलों के बाद, आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, एक ई-3 विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया। इस विमान को आमतौर पर अवाक्स के नाम से जाना जाता है और इसका उपयोग हवाई निगरानी, कमांड और नियंत्रण के लिए किया जाता है। आईआरजीसी ने आगे कहा कि जिस विमान को निशाना बनाया गया था वह पूरी तरह से नष्ट हो गया और इस ऑपरेशन के दौरान पास में खड़े अन्य विमानों को भी काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने अभी तक हमले के पूरे विवरण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान अमेरिकी वायु सेना का एक महत्वपूर्ण हवाई चेतावनी और युद्ध प्रबंधन प्लेटफॉर्म है, जो 250 मील से अधिक दूरी तक निगरानी करने में सक्षम होता है। इसके नष्ट होने से क्षेत्र में अमेरिकी हवाई निगरानी और कमान क्षमता पर बड़ा असर पड़ सकता है।

# पंजाब के मलेरकोटला में 2 आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी, मलेरकोटला

पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे।

**नशा तस्कर से पूछताछ में मिला सुराग:** इस मामले में बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब "युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई। जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकियों से मेल खाती पाई गई। मलेरकोटला पुलिस की CIA विंग की टीम ने शनिवार को गांव में छापा मारकर दोनों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल इस मामले में पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से आधिकारिक




पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

**15 साल से रह रहे थे दोनों पाकिस्तानी:** बताया जा रहा है कि दोनों मलेरकोटला में पिछले 15 वर्ष से रह रहे थे। दोनों पाकिस्तानी है। गांव शेरवानी कोट के सरपंच सिमरनजीत सिंह ने दोनों को शनिवार को पुलिस के सीआइए स्टाफ की टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ घर में दबिश देकर दोनों को पकड़ा। सिमरनजीत ने बताया कि दोनों करीब पांच साल से उनके गांव में ही रहकर मजदूरी करते थे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि दोनों करीब 15 वर्ष से जिले के अलग-अलग गांवों में रह रहे थे। दोनों खुद को जम्मू-कश्मीर

- **पंजाब और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दबोचा**
- **5 साल से गांव शेरवानी कोटे में करते थे मजदूरी**

के रहने वाले बताते थे और वे स्थानीय लोगों से घुलमिल चुके थे। दोनों पाकिस्तानी हैं, किसी को कभी उन पर संदेह नहीं हुआ।

**11 मई 2025 को मां-बेटी को भी पकड़ा था जासूसी करते:** मलेरकोटला से पाकिस्तानी आतंकी पकड़े जाने की यह पहली घटना है। हालांकि इससे पहले 11 मई 2025 में पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में बाप-बेटी को गिरफ्तार किया था। 31 वर्षीय गुजाला अपने पिता यामीन मोहम्मद के साथ सेना व अन्य बड़े प्रतिष्ठानों की जानकारी पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी अब्दुल्ला तक पहुंचाने का काम करते थे। इसके बदले में उन्हें पैसे दिए जाते थे। पुलिस ने दोनों को डिजिटल सुबूत के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं, पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात अधिकारी को देश से निष्कासित कर दिया गया था।

## बस्तर से नक्सलवाद के खात्मे के साथ आईईडी मुक्त ग्राम बनाने का चलेगा अभियान

एजेंसी, जगदलपुर

नक्सलवाद के पूर्ण सफाए के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा तय की गई समय सीमा 31 मार्च बेहद करीब पहुंच गई है। पिछले दो वर्षों में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को उनके सबसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाकों में कैंप स्थापित कर लगभग पूरी तरह से खदेड़ दिया है, लेकिन नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे लगाये गये आईईडी सुरक्षाबलों और आम नागरिकों के लिए आज भी खतरा बना हुआ है।

बस्तर के आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2001 से 2026 तक आइईडी विस्फोट की 1,277 घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें 443 जवान बलिदान हुए एवं 915 जवान घायल हुए। वहीं 158 आम नागरिकों को भी अपनी चपेट में लिया । वर्ष 2010 आईईडी विस्फोट की घटना के इतिहास का सबसे काला वर्ष रहा, जब आइईडी विस्फोट से 101 सुरक्षाबल के



जवान बलिदान हुए थे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा का कहना है कि असली जीत केवल बंदूकें शांत करने में नहीं बल्कि जमीन को सुरक्षित करने में है। उन्होंने घोषणा की है कि जिस तरह गांवों को ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) बनाया गया था, उसी तर्ज पर अब बस्तर के हर संदेहास्पद रास्ते और पगडंडी को आइईडी मुक्त ग्राम घोषित करने का अभियान चलाया जाएगा। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि आईईडी हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती रहा है। आईईडी की वजह से बड़ी बड़ी घटना में सुरक्षाबलों का बलिदान हुआ एवं निर्दोष आम नागरिकों का भी जान का खतरा बना रहा।

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का पुनर्गठन

### देशबंधु फिर अध्यक्ष और जितेन्द्र रघुवंशी बने महासचिव

एजेंसी, नई दिल्ली

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। इसमें देशबंधु को पुनः अध्यक्ष और हरिद्वार के जितेन्द्र रघुवंशी को फिर से महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि द्विजेंद्र मोहन शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित असम हाउस में रविवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता आर. माधवन ने की, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सहयोगी रहे हैं। इस दौरान चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी हरिद्वार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत भूषण विद्यालंकर ने निभाई। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष देशबंधु और महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी को पुनः उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष की आयु को ध्यान में रखते हुए उनके सहयोग के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में द्विजेंद्र मोहन शर्मा को नियुक्त किया गया है। पुनर्गठन के तहत प्रत्येक राज्य से उपाध्यक्षों का चयन किया गया है और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की भी घोषणा की गई है। समिति को दिशा देने के लिए एक कोर कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष द्विजेंद्र मोहन शर्मा, चंद्र प्रकाश बाजपेई, कपूर सिंह दलाल, डॉ. राजा भैया मिश्रा, परमजीत सिंह टिवाना, राजेश प्रताप सिंह और ए. वेदरत्नम शामिल हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सुरेश चंद्र सुयाल, सुरेश चंद्र बबेबे, महंथ प्रजापति, अनुराग सिंह गौतम, आदित्य कुमार सिंह, अरुण प्रताप सिंह, कृष्णेंद्र प्रताप सिंह, सिंगू रमेश, एम. सन्मुग सुंदरम, सुंदर विमल नाथन, के.एम. शेख नमक्कल, इशरत उल्ला खान और मुन्नालाल कश्यप को भी शामिल किया गया है।

# नेपाल सरकार ने छात्र राजनीति पर रोक लगाई

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने छात्र राजनीति पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसके साथ ही कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए पारंपरिक परीक्षाएं भी खत्म कर दी गई हैं और स्कूलों-कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलकर नेपाली में रखने का आदेश दिया गया है। सरकार ने शनिवार रात को जारी आदेश में कहा कि यह सभी फैसले अपने 100 दिन के एक्शन प्लान के तहत लिए हैं, जिसका मकसद शिक्षा को राजनीति से दूर रखना और इसे बेहतर बनाना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब स्कूल और कॉलेजों में किसी भी तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। सभी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े छात्र संगठनों को 60 दिनों के अंदर अपने दफ्तर कॉलेज कैंपस से हटाने होंगे। इनकी जगह सरकार 90 दिनों के भीतर 'स्टूडेंट काउंसिल' या 'वॉयस ऑफ स्टूडेंट्स' जैसे नए प्लेटफॉर्म शुरू करेगी, जो पूरी तरह गैर-राजनीतिक होंगे और सिर्फ छात्रों की समस्याओं पर काम करेंगे।

**ग्रेजुएशन तक पढ़ाई के लिए नेपाली नागरिकता जरूरी नहीं:** सरकार ने साफ कहा




है कि अब स्कूल और कॉलेज राजनीति के अड्डे नहीं होंगे, बल्कि सिर्फ पढ़ाई के लिए काम करेंगे। लंबे समय से शिक्षा संस्थानों में चल रही राजनीतिक दखल को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया गया है। छात्रों के लिए कुछ और अहम बदलाव भी किए गए हैं। अब ग्रेजुएशन तक पढ़ाई के लिए नेपाली नागरिकता जरूरी नहीं होगी, ताकि दस्तावेजों की कमी के कारण किसी की पढ़ाई न रुके। सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन स्कूलों और कॉलेजों के नाम विदेशी हैं, जैसे ऑक्सफोर्ड, पेंटागन या सेंट जेवियर्स, उन्हें इस साल के भीतर अपने नाम बदलने होंगे। इसके अलावा, यूनिवर्सिटीज को सख्त निर्देश

- **5वीं क्लास तक एग्जाम भी खत्म, स्कूलों और कॉलेजों को अपने विदेशी नाम बदलने होंगे**

दिए गए हैं कि वे परीक्षा के रिजल्ट तय समय के भीतर ही जारी करें। सरकार का कहना है कि अब तक रिजल्ट में देरी की वजह से छात्रों का भविष्य प्रभावित होता रहा है और कई बार उन्हें पढ़ाई छोड़कर विदेश जाना पड़ता है। सरकार का मानना है कि शिक्षा व्यवस्था में देरी और गड़बड़ी की बड़ी वजह राजनीतिक दखल रही है। नए नियमों के जरिए अब पढ़ाई का शेड्यूल तय समय पर लागू किया जाएगा। नेपाल सरकार के प्लान के मुताबिक बड़े नेताओं और अफसरों की संपत्ति की जांच की जाएगी। इसके लिए 15 दिनों के अंदर एक कमेटी बनाई जाएगी, जो 2006 के बाद बड़े पद पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगी। इसके बाद 1991 से 2006 के बीच के मामलों को भी देखा जाएगा। सरकार चाहती है कि सरकारी कामकाज साफ-सुथरा और जिम्मेदारी से हो। इसके लिए हर मंत्रालय को अपना काम तय समय में पूरा करना होगा।

# दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफ़लताएं आकर नतमस्तक होकर कदम चूमती है




लोकतंत्र की शान

» मज़बूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है

» प्रबल इच्छाशक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

**गोंदिया** – सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस !अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय जीव के हाथ में है।माननीय जीवन ने गुणों क्रे उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है,परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है, बस !जरूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की,तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि दृढ़ इच्छाशक्ति यह सफ़लताओं की चाबी है।मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फ़तह हासिल कर सकते हैं। साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है। साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरुआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे-धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें, अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति के लिए लक्ष्यों की करें तो, हम अपना लक्ष्य निश्चित करें अगर हमको हमारे जीवन में सफलता चाहिए तो यह हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि सबसे पहले हम हमारे जीवन में अपने लक्ष्य को निश्चित करें। तब ही हम किसी चीज को अपने जीवन में फॉलो कर पाओगे। नहीं तो ऐसे हम अपने जीवन में किस चीज को फॉलो करोगे, किस चीज के लिए हम विल पावर बढ़ाएंगे, तो सबसे पहले हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन में लक्ष्य को निर्धारित करें। एक बार हम अपने जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर लेंगे उसके बाद हमारा दिमाग लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने लगेगा। बस हम अपने लक्ष्य पर दृढ़ रहें। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को जगाने की करें तो, निम्न बिंदुओं पर अभ्यास कर इच्छाशक्ति को जाग्रत किया जा सकता है। इच्छाशक्ति को मजबूत बनाने के लिए शुरुआत करने के लिए सबसे पहले हमें तनाव के स्तर का प्रबंधन करने की जरूरत होती है।(1) सकारात्मक नजरिया (2) तनाव प्रबंधन करना सीखें (3) खुद पर पूरा विश्वास रखें (4) बेहतर ऊर्जा प्रबंधन करें (5) अंतः शक्तियों को केंद्रीभूत करें (6) स्वयं के प्रति ईमानदार बनें (7) सही पोषण, योग और व्यायाम। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के टॉनिक की करें तो, जैसे हैं वैसे ही बने रहें दिखावा बिल्कुल भी मत करें हम जैसे भी हो वैसे ही बने रहें। किसी भी प्रकार का कोई शो ऑफ करने की कोई जरूरत नहीं है। अगर हम कोई एक चीज जैसे हो वैसे ही प्राप्त करते हो तो वह चीजें हमको जिंदगी भर तक हमारे साथ रहती है और हमको अच्छा रिजल्ट भी मिलता है। दरअसल यह चीज हम अपने वास्तविक परिश्रम से हासिल किए रहते हो इसलिए वह जिंदगी भर हमारे साथ रहती है और यह हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। ना केवल हमारी इच्छा शक्ति को बढ़ाता है बल्कि हमारे आत्मविश्वास को भी सटीक रूप से बढ़ाता है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति के रोडमैप की करें तो, पेपर पर अपने लक्ष्य को लिखें इसके लिए हमको थोड़ी दिमागी कसरत भी करनी पड़ेगी। बेहतर होगा कि हम अपना लक्ष्य पेपर पर लिखकर उससे जुड़ी चुनौतियां भी लिख लें, इससे हमको उन चुनौतियों से कैसे लड़ना है, यह भी अंदाजा हो जाएगा। आत्मविश्वास और इच्छाशक्तिजीवन में कई बार ऐसे मौके आएंगे, जब हमारा विश्वास डगमगाने लग जाएगा और हमको लगेगा कि हमारा लक्ष्य व्यर्थ है, लेकिन उस वक्त हमको इन नकरात्मकताओं से दूर रहकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना है। साथियों बात अगर हम इच्छाशक्ति को चिंता से दूर करने की करें तो, चिंता ना करें, चिंतन करेंः किसी भी बात की चिंता मत करें। बल्कि उसके बारे में चिंतन करें कि इसका समाधान क्या हो सकता है। इससे एक तो हमारी मानसिक शक्ति बढ़ेगी और दूसरा हमारी समस्याओं का समाधान भी होगा। यह एक ऐसा अभ्यास है, इससे धीरे-धीरे हम इतने मजबूत हो जाएंगे कि हमको हर मुश्किल एक अवसर लगेगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि श्रेष्ठ और दृढ़ इच्छाशक्ति सफलता की चाबी है! मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी होती है। प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है-दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे खुद सफलताएं नतमस्तक होकर कदम चूमती है।




**-संकलनकर्ता लेखक**
**- क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यम सीए (एटीसी)**
**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9226229318**


# भारत ट्राइब्स फेस्ट 2026 : जनजातीय अस्मिता,आत्मनिर्भरता और अवसरों का विस्तारित उत्सव



लेखक- विनोद कुमार सिंह

देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित हरित और सांस्कृतिक आभा से परिपूर्ण परिसर सुंदर नर्सरी में आयोजित भारत ट्राइब्स फेस्ट 2026 ने इस वर्ष जिस प्रकार जनसामान्य, नीति-निर्माताओं, उद्यमियों और सांस्कृतिक प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया,वह अपने आप में एक ऐतिहासिक संकेत है—भारत की जनजातीय परंपराओं के पुनर्जागरण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण का।जनता के अभूतपूर्व उत्साह और मांग को देखते हुए जनजातीय मामलों का मंत्रालय ने ट्राइफेड के सहयोग से इस महोत्सव को 5 अप्रैल 2026 तक बढ़ाने का निर्णय लिया। यह विस्तार केवल तिथि का विस्तार नहीं, बल्कि एक व्यापक दृष्टि का प्रतीक है—जनजातीय समाज को बाजार,सम्मान और अवसरों से जोड़ने की प्रतिबद्धता का।सरकार के इस निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत की जनजातीय विरासत अब केवल संग्रहालयों या पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है,बल्कि वह देश की आर्थिक और सांस्कृतिक धारा में सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। महोत्सव में उमड़ी भीड़, प्रदर्शनी स्टॉलों पर लगी कतारें, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर गूँजती तालियाँ और आदिवासी व्यंजनों का स्वाद लेते लोग - यह सब मिलकर एक जीवंत भारत की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। महोत्सव का विस्तार विशेष रूप से आदिवासी कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और वन धन विकास केंद्रों के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। इस विस्तारित अवधि में उन्हें उपभोक्ताओं से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा,जिससे न केवल उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी, बल्कि उनकी कला और परंपरा को व्यापक पहचान भी मिलेगी। बाजार तक सीधी पहुँच, बेहतर मूल्य और स्थायी आय—ये तीनों पहलू इस आयोजन के केंद्र में हैं।इस वर्ष के आयोजन में 22राज्यों के78 आदिवासी समुदायों की सह भागिता,28 राज्यों के 300 से अधिक कला एवं शिल्प प्रदर्शकों की उपस्थिति और 21 राज्यों से आए 120 आदिवासी व्यंजन विशेषज्ञों द्वारा संचालित 30 फूड स्टॉल—यह आंकड़े केवल संख्या नहीं,बल्कि भारत की विविधता और एकता का सशक्त प्रतीक हैं। यहां हस्तशिल्प,हथकरघा, प्राकृतिक उत्पाद, जैविक वस्तुएं और पारंपरिक ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। महोत्सव का एक महत्वपूर्ण आकर्षण 29 मार्च को आयोजित वन धन कॉन्क्लेव रहा,जिसका उद्घाटन जनजातीय मामलों के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके द्वारा विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।इस कॉन्क्लेव ने जनजातीय उद्यमिता को नई दिशा देने का कार्य किया। अपने उद्घाटन संबोधन में मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "जनजातीय समुदाय केवल संरक्षण के पात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के सक्रिय भागीदार हैं।उनके पारंपरिक ज्ञान, प्राकृतिक संसाधनों के प्रति उनकी समझ और उनकी जीवन शैली आज के सतत विकास के मॉडल को दिशा दे सकती है।"मंत्री ने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनजातीय समाज को आत्मनिर्भर बनाना है, न कि केवल सहायता पर निर्भर रखना। उन्होंने लघु वन उपज के मूल्यवर्धन,स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाजार विस्तार पर विशेष बल दिया।उनके अनुसार,"जब एक आदिवासी कारीगर का उत्पाद सीधे उपभोक्ता तक पहुँचता है, तो वह केवल एक वस्तु का लेन-देन नहीं होता,बल्कि वह विश्वास, परंपरा और संस्कृति का आदान-प्रदान होता है।" कॉन्क्लेव के अंतर्गत पाँच विषयगत सत्र आयोजित किए गए,जिनमें सतत आजीविका,लघु वन उपज का मूल्य संवर्धन,बाजार संपर्क, कौशल विकास और जनजातीय उद्यमशीलता को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों,नीति निर्माताओं और उद्यमियों ने मिलकर यह विचार किया कि किस प्रकार जनजातीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है। महोत्सव के दौरान आयोजित भारत ट्राइब्स बिजनेस कॉन्क्लेव और सीएसआर कॉन्क्लेव ने भी साझेदारी और निवेश के नए अवसरों को जन्म दिया।कॉर्पोरेट जगत और जनजातीय उद्यमों के बीच संवाद ने यह स्पष्ट किया कि यदि सही दिशा और सहयोग मिले,तो जनजातीय उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं।इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है,बल्कि यह सांस्कृतिक पुनर्स्थापन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।यहाँ प्रस्तुत होने वाले लोक नृत्य,संगीत, पारंपरिक वेशभूषा और जीवन शैली भारत की उस आत्मा को सामने लाते हैं, जो प्रकृति के साथ संतुलन में जीने की कला सिखाती है।

# ट्रंप की हठधर्मिता से धराशाई हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा



लेखक-तनवीर जाफ़री

निःसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश सर्वशक्तिमान अमेरिका से अपने मधुर सम्बन्ध बनाये रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को क़ायम रखने के लिये अमेरिका भी अन्य देशों के बीच बांटो और राज करो का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थायी और अस्थायी दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक़, जॉर्डन, कुवैत, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं। अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहाँ की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के ख़र्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेज़बान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ़ फ़ोर्सेज़ एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना ख़र्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के ख़र्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुये अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि -अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जायेगा। परन्तु गत 28 फ़रवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गये युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिसतरह उसकी औक़ात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से ग़लत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, क़तर, बहरीन, जॉर्डन व इराक़ जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के "सार्वभौमिक इलाक़े"। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचार-सिस्टम,थाड एंटी-मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गयी। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका ख़ुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफ़ाज़त नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिये भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किये गये शिया-सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिये पूर्णतयः अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमेरिका से फ़ासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने ज़िद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फ़ैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही ख़िलाफ़ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफ़ी विरोध के स्वर बुलंद हुये हैं। गत दिनों किये गये अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के ख़िलाफ़ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें "अत्यधिक हस्तक्षेप" या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गयी है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के ख़िलाफ़ प्रदर्शन किये ऑनलाइन अभियान चलाये और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय "वार पावर रेज़ोल्यूशन" भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के ख़िलाफ़ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज ज़रूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध ज़रूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को ग़लत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे "इस्राईल के दबाव" में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुँच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी केंद्र के निदेशक जोसेफ़ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफ़ा तक दे दिया। अपने इस्तीफ़े के पत्र में जोसेफ़ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को "कोई तत्काल ख़तरा" नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और ख़ुफ़िया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और "मौन विरोध" है। कहना ग़लत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुँचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ़ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर क़ब्ज़े की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिये तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फ़ाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

# कम उपभोग, ज्यादा संरक्षणः यही है शून्य अपशिष्ट का मंत्र



लेखक- सुनील कुमार महला

हर वर्ष 30 मार्च को 'अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य केवल धरती या अंतरिक्ष से कचरा कम करना ही नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पर्यावरण व हमारी पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना और मानव जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह दिवस कचरा प्रबंधन(वेस्ट मैनेजमेंट) करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए एक ऐसा वैश्विक आह्वान है, जो हमें टिकाऊ(सस्टेनेबल) और संतुलित जीवन(बैलेंस्ड लाइफ) की ओर प्रेरित करता है। इसका एक महत्वपूर्ण लक्ष्य पूरी दुनिया को 'प्लास्टिक-मुक्त अर्थव्यवस्था' की दिशा में ले जाना भी है, जहाँ पैकेजिंग के लिए मशरूम या समुद्री शैवाल जैसे व अन्य किन्हीं प्राकृतिक व बेहतरीन विकल्पों का उपयोग किया जा सके।पाठक जानते हैं कि आज पूरी दुनिया की जनसंख्या बहुत ही तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही धरती पर व अंतरिक्ष तक में भी कचरे की मात्रा भी निरंतर बढ़ती जा रही है।सीधे शब्दों में कहें तो यह दिवस हमें कचरे को कम करने, पुनः उपयोग (री-यूज) और पुनर्चक्रण (री-साइक्लिंग) के महत्व को समझाने के लिए समर्पित है।सच तो यह है कि यह 'रिड्यूस, री-यूज और रीसायकल' की अवधारणा को बढ़ावा देता है। वर्तमान समय में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पृथ्वी के पर्यावरण और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह बहुत ही आवश्यक व जरूरी है कि हम खाद्य अपशिष्ट को कम करें और धरती के सभी प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करें। यह एक चिंताजनक तथ्य है कि हम हर वर्ष अरबों टन कचरा उत्पन्न करते हैं, लेकिन उसका बहुत कम हिस्सा ही पुनर्चक्रित कर पाते हैं। वास्तव में 'शून्य अपशिष्ट'(जीरो वेस्ट) का अर्थ है ऐसी जीवनशैली अपनाना, जिसमें कचरा लगभग समाप्त हो जाए। इसका सीधा सा आशय यह है कि हम संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करें, उन्हें संरक्षित रखें और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित बनाएं।कहना ग़लत नहीं होगा कि कचरे और जलवायु परिवर्तन के बीच गहरा संबंध है। कचरे की बढ़ती मात्रा ग्लोबल वार्मिंग को भी बढ़ाती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार शहरी ठोस कचरा वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 3-5% हिस्सा है। जब जैविक कचरा, जैसे भोजन, लैंडफिल में सड़ता है, तो वह मीथेन गैस उत्पन्न करता है, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी ढंग से गर्मी को अवशोषित करती है। वास्तव में, यह दिवस उन लाखों अनौपचारिक श्रमिकों के योगदान को भी मान्यता देता है, जो कचरा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया भर में लगभग 2 करोड़ लोग इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। साथ ही, यह दिवस उन कंपनियों की नीतियों पर भी प्रश्न उठाता है, जो जानबूझकर ऐसे उत्पाद बनाती हैं जो जल्दी खराब हो जाते हैं, ताकि उपभोक्ता बार-बार नए उत्पाद खरीदें। इसके समाधान के रूप में 'राइट टू रिपेयर' यानी मरम्मत का अधिकार एक महत्वपूर्ण पहल बनकर उभरा है, जो वस्तुओं के जीवनकाल को बढ़ाने पर जोर देता है।शून्य अपशिष्ट का एक अहम पहलू 'कंपोस्टिंग' भी है। हमारे कुल कचरे का लगभग 50% हिस्सा जैविक होता है, जिसे खाद में परिवर्तित किया जा सकता है। इससे न केवल मीथेन गैस का उत्सर्जन कम होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता घटती है। कचरा प्रबंधन में घरों, उद्योगों, सरकारों और आम नागरिकों हम सभी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण व अहम् है। उल्लेखनीय है कि इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2022 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसका प्रस्ताव तुर्की ने रखा था और इसे अनेक देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। यह पहल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और संयुक्त राष्ट्र मानव बस्तियां कार्यक्रम (यूएन-हेबीटेट) के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।यह भी उल्लेखनीय है कि पहली बार यह दिवस 30 मार्च 2023 को मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य 'लीनियर इकोनॉमी' (बनाओ-इस्तेमाल करो-फेंक दो) की जगह 'सर्कुलर इकोनॉमी' को बढ़ावा देना है।हर वर्ष इस दिवस की एक विशेष थीम निर्धारित की जाती है। वर्ष 2023 की थीम थी-'टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल पद्धतियों को अपनाना', 2024 की थीम-'शून्य अपशिष्ट के क्षेत्र में युवा सबसे आगे', और 2025 की थीम-'फैशन और टेक्सटाइल्स में शून्य अपशिष्ट की ओर' रखी गई थी। वर्ष 2025 की थीम का उद्देश्य कपड़ा उद्योग में उत्पन्न होने वाले कचरे को कम करना था, क्योंकि 'फास्ट फैशन' के कारण हर वर्ष करोड़ों टन कपड़े बेकार हो जाते हैं। इसके समाधान के रूप में 'स्लो फैशन' और टिकाऊ फैशन को बढ़ावा दिया गया। इस साल यानी कि वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम 'खाद्य अपशिष्ट' रखी गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य भोजन की बर्बादी को रोकना है। आंकड़े बताते हैं कि हर वर्ष दुनिया में लगभग 1 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है। यह न केवल भूख की समस्या को बढ़ाता है, बल्कि पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। अनुमान है कि विश्व में उत्पादित कुल भोजन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा व्यर्थ चला जाता है। यदि 'फूड वेस्ट' एक देश होता, तो यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक होता। वर्ष 2026 की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, यदि भोजन की बर्बादी को रोक दिया जाए, तो दुनिया के हर भूखे व्यक्ति का पेट चार बार भरा जा सकता है। इस वर्ष का संदेश स्पष्ट है- हमें जितनी आवश्यकता हो, उतना ही भोजन लें, शेष भोजन का पुनः उपयोग करें या दान करें, और जूठन न छोड़ें। साथ ही, खाद्य पदार्थों का उचित भंडारण भी आवश्यक है। 'जीरो वेस्ट' की अवधारणा 5R सिद्धांत पर आधारित है—रिफ्यूज (मना करना), रिड्यूस (कम करना), री-यूज (पुनः उपयोग), रीसायकल (पुनर्चक्रण) और रोट (खाद बनाना)।पाठकों को बताता चलूं कि कचरा कम करने का सीधा संबंध जल संरक्षण से भी है। उदाहरण के लिए, यदि हम एक कॉटन टी-शर्ट को फेंकने के बजाय पुनः उपयोग करें, तो लगभग 2700 लीटर पानी बचाया जा सकता है, जो एक व्यक्ति की लगभग ढाई वर्ष की पीने की आवश्यकता के बराबर है। आज दुनिया के कुछ शहर, जैसे सैन फ्रांसिस्को और सियोल, 'जीरो वेस्ट' शहर बनने की दिशा में अग्रणी हैं और उन्होंने लैंडफिल में जाने वाले कचरे को लगभग 80% तक कम कर दिया है। शून्य अपशिष्ट का अर्थ कंजूसी नहीं, बल्कि रचनात्मकता है। यह हमें सिखाता है कि हम वस्तुओं के मालिक नहीं, बल्कि उनके उपयोगकर्ता हैं।

# स्टोक्स मई के बाद कर सकेंगे वापसी, ट्रेनिंग सेशन में हुए घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि गाल की हड्डी में चोट से जुड़ी दिक्कतों के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी मई तक टल गई है। 34 वर्षीय ऑलराउंडर जिन्हें फरवरी की शुरुआत में डरहम अकादमी के खिलाड़ियों के साथ एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंद लग गई थी, ने एक हफ्ते बाद टूटी हुई गाल की हड्डी को ठीक करवाने के लिए सर्जरी करवाई थी। स्टोक्स ने असल में इस शुक्रवार को केंट के खिलाफ डरहम



के काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती मैच में वापसी करने की योजना बनाई थी। हालांकि क्लब अभी भी विशेषज्ञों से अंतिम मेडिकल मंजूरी का इंतजार कर रहा है। डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने संकेत दिया कि स्टोक्स शायद 8 मई को वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ और फिर 15 मई को बेकेनहम में केंट के खिलाफ होने वाले मैचों तक नहीं खेल पाएंगे। अगर स्टोक्स तब तक वापसी नहीं कर पाते हैं, तो ये मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के गर्मियों के पहले टेस्ट से पहले उनके लिए एकमात्र रेड-बॉल मैच हो सकते हैं; यह टेस्ट 4 जून से शुरू होगा। कैंपबेल ने इस चोट को एक 'बाल-बाल बचने' वाला मामला बताया। उन्होंने कहा, '(यह घटना) बहुत भयानक हो सकती थी। जितना आप सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा बुरा। बस कुछ सेंटीमीटर का फर्क, अगर गेंद थोड़ी अलग तरह से उनकी आंख पर लगती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। गेंद बहुत जोर से लगी थी। हम बस खुशकिस्मत हैं कि वह इससे बच निकले।' इंग्लैंड के निराशाजनक एशेज अभियान के बाद से स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है; इस अभियान के दौरान उन्हें एडक्टर (जांघ की मांसपेशी) में चोट लग गई थी, जो उन्हें सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच में लगी थी। सीरीज हारने के बावजूद स्टोक्स इंग्लैंड के कप्तान बने हुए हैं और कोच ब्रेंडन मैकुलम तथा मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की दोनों ही अपने-अपने पदों पर बने हुए हैं।

## वांगसू ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में जीता गोल्ड

**रायपुर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश की 21 साल की वेटलिफ्टर अनाई वांगसू को पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में हिस्सा लेने से कुछ दिन पहले पेट की पुरानी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। उन्हें कमजोरी दूर करने और ताकत पाने के लिए आईवी फ्लूइड्स (नसों के जरिए तरल पदार्थ) दिए गए। हालांकि, बीमारी भी उनका हौसला नहीं तोड़ सकी। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के 58 किलो वर्ग में अनाई ने गोल्ड मेडल जीता है। अनाई वांगसू 2019 से पेट की समस्या से जूझ रही हैं, जिसमें अचानक कमजोरी, थकान और डिहाइड्रेशन हो जाता है। वेटलिफ्टिंग जैसे खेल में ताकत और संतुलन बहुत जरूरी होते हैं।

**कोहली ने दमदार पारी पर दिया बयान**

# 120% देना चाहता हूं



**बंगलूरू, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। कोहली ने 38 गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने इस पारी के बाद कहा कि वह टीम के लिए 120 प्रतिशत देना चाहते हैं और बिना तैयारी के खेलने नहीं उतरते हैं।

### लय में हैं कोहली

कोहली अब भारत के लिए सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं और टी20 में वह सिर्फ आईपीएल ही खेल रहे हैं। अपनी पारी को लेकर कोहली ने कहा, वापस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था, लेकिन हाल ही में वनडे सीरीज में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरुआत का मौका था और हमने वही किया।

### ब्रेक से मिला फायदा

सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर कोहली ने कहा, पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिए तैयारी की कमी के बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है। इसलिए इन ब्रेक से तरोताजा होकर लौटने में काफी मदद मिली। जब भी मैं खेलने आता हूं तो 120 प्रतिशत देने की कोशिश रहती है। कभी तैयारी के बिना नहीं आता। अतिरिक्त विश्राम से मुझे मानसिक रूप से तरोताजा होने में मदद मिली। अगर आप शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा होकर खेलते हैं तो टीम के लिए योगदान दे सकते हैं और यही हर खिलाड़ी करना चाहता है।

देवदत्त पडिक्कल की 26 गेंद में 61 रन की पारी को शानदार बताते हुए कोहली ने कहा, मैं पावरप्ले में आक्रामक खेलना चाहता था लेकिन जब मैने पडिक्कल को इस तरह खेलते देखा तो उसे अधिक स्ट्राइक देने की कोशिश की। उसने एक बेहतरीन पारी खेलकर मैच सनराइजर्स की जद से बाहर कर दिया।

## कोहली का बेस्ट आना अभी बाकी

**अंबाती रायडू ने दी विराट को बड़ी सलाह**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 के ओपनिंग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए विराट कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने नाबाद 69 रन की पारी खेलकर टीम को आसान जीत दिलाई। इस पारी के बाद एक बार फिर उनकी फॉर्म और फिटनेस को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले भी वह दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में कई शतक लगा चुके हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया है। रायडू का मानना है कि कोहली के अंदर अभी भी 5 से 6 साल का इंटरनेशनल क्रिकेट बाकी है। उन्होंने कहा कि कोहली की फिटनेस आज भी शानदार है और वह अभी खत्म नहीं हुए हैं। रायडू के अनुसार कोहली का बेस्ट अभी आना बाकी है और आईपीएलमें जो दिख रहा है वह सिर्फ एक ट्रेलर है।

### टेस्ट क्रिकेट में वापसी और कप्तानी की सलाह



अंबाती रायडू ने यह भी कहा कि विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट में वापसी करनी चाहिए। कोहली को फिर से टेस्ट कप्तान बनाना चाहिए और उनकी जगह मौजूदा कप्तान को हटाने पर भी विचार करना चाहिए। रायडू का मानना है कि कप्तानी का नया चैलेंज कोहली को फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित कर सकता है।विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 123 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन के आंकड़े से सिर्फ 770 रन दूर रह गए थे। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, जिससे फैंस काफी हैरान रह गए थे।



# अरिना ने जीता मियामी ओपन खिताब

## विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

**मियामी, एजेंसी।** विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी अरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन का खिताब बचा लिया है। सबालेंका ने फाइनल में कोको गॉफ को हराया।अरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियातेक के बाद सबालेंका 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। यह उनका लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले एश्ले बार्टी (2019 और 2021) और सेरेना विलियम्स (2013 से 2015) ही लगातार यह टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट (मार्टिना हिंगिस, 2001, सेरेना विलियम्स, 2003, और विक्टोरिया अजारेंका, 2012) के फाइनल में पहुंची हैं। ये सभी टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर हुए हैं। उन्होंने इनमें से तीन जीते, जिसमें ब्रिस्बेन और सनशाइन डबल शामिल हैं। खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा, यह खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।

### नंबर पर स्थिति मजबूत की

यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब और कुल मिलाकर 30वां खिताब है जिसमें छह युगल खिताब भी शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंडस्लैम एकल खिताब, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स टाइटल और दो डबल्स खिताब शामिल हैं। सबालेंका लंबे समय से दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हुई हैं और अब उनकी यह स्थिति और मजबूत हो गई है। सबालेंका ने अब तक विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में कुल 83 हफ्ते बिताए हैं। इसमें उनका मौजूदा शानदार दौर भी शामिल है जो लगातार 75 हफ्तों तक पहुंच चुका है। सोमवार को वह लगातार 76वें हफ्ते के लिए नंबर एक बनी रहेंगी। इसके साथ ही वह इगा स्वियातेक के सबसे लंबे नंबर एक रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। हालांकि, उनसे आगे अभी एश्ले बार्टी हैं, जिन्होंने सितंबर 2019 से मार्च 2022 तक लगातार 114 हफ्तों तक नंबर 1 की कुर्सी संभाली थी।


# व्यापार

## दिल्ली में 33.51 रुपये में खरीदें फ्लैट, 2 दिन में 700 से अधिक की बिक्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में घर खरीदना आज के दौर में काफी खर्चीला हो गया है। लेकिन आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। महज 33.51 रुपये में देश की राजधानी दिल्ली में आपका खरीदने का सपना पूरा हो सकता है। डीडीए की तरफ से इन फ्लैट्स को बेचा जा रहा है। लोगों में इसको लेकर कितना रुझान है इसका अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि महज 2 दिन में 700 से अधिक फ्लैट की बुकिंग हो चुकी है। आइए जानते हैं कि यह कहां स्थित है कैसे आवेदन कर सकते हैं दिल्ली गवर्नमेंट हाउसिंग अथॉरिटी ने कर्मयोगी आवास योजना 2025 और नागरिक आवास योजना 2026 को लॉन्च किया है। इन्हीं दो योजनाओं के जरिए फ्लैट्स बेचे जा रहे हैं। डीडीए के ये फ्लैट्स नरेला में स्थित हैं। केंद्र और राज्य सरकार के सेवारत या रिटायर कर्मचारियों के साथ-साथ कम आय वाले परिवारों के लिए ने इन स्कीम्स की शुरुआत की है।

## साइबर सिक्योरिटी के शेयरों में भूचाल, एक रिपोर्ट ने बिगाड़ा निवेशकों का मिजाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एंथ्रोपिक एक नए और बेहद शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की टेस्टिंग कर रहा है। इस खबर के बीच साइबर सुरक्षा से जुड़े शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिग्गज कंपनी एंथ्रोपिक, एक संभावित आईपीओ पर विचार कर रही है। साइबर सुरक्षा से जुड़े शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। इसकी वजह एक रिपोर्ट थी जिसमें बताया गया था कि एंथ्रोपिक एक नए और बेहद शक्तिशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल की टेस्टिंग कर रहा है। यह मॉडल साइबर कैपिसिटी के मामले में काफी अपग्रेड है लेकिन साथ ही इससे सुरक्षा से जुड़े कुछ संभावित जोखिम भी पैदा हो सकते हैं। फॉर्च्यून की रिपोर्ट के मुताबिक इस नए 'मिथोस' मॉडल को एंथ्रोपिक का अब तक का सबसे शक्तिशाली मॉडल बताया जा रहा है। हालांकि, साइबर सुरक्षा से जुड़े संभावित प्रभावों को देखते हुए कंपनी इसे धीरे-धीरे ही लॉन्च करने की योजना बना रही है।



**शेयर का परफॉर्मेंस** – इस खबर का असर बाजार में तुरंत दिखा। क्राउडस्ट्राइक, पालो ऑल्टो नेटवर्क्स और शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए जबकि में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं, ग्लोबल ङ्क साइबर सिक्योरिटी श्ञ्ज्ञ्ञ करीब 6.1 प्रतिशत तक फिसल गया। निवेशकों में घबराहट की सबसे बड़ी वजह यह थी कि लीक हुए ड्राफ्ट में संकेत मिला कि एंथ्रोपिक इस मॉडल की रिलीज टाल सकती है और पहले साइबर कंपनियों के साथ टेस्टिंग डेटा साझा करेगी, ताकि वे संभावित खतरों से निपटने की तैयारी कर सकें। हालांकि, कंपनी दुरुपयोग रोकने की कोशिश कर रही है। बता दें कि इसी साल की शुरुआत में हैकर्स ने कथित तौर पर एंथ्रोपिक के चैटबॉट का इस्तेमाल कर मैक्सिको की सरकारी एजेंसियों पर हमला किया था और संवेदनशील डेटा चुरा लिया था। कंपनी ने बाद में इस गतिविधि को रोकने और संबंधित अकाउंट्स को बैन करने की बात कही थी।

## 10 दिन में सोने का रेट 13494 गिरा, चांदी भी हुई सस्ती, खरीदने का यह है सही समय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 10 दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इंडियन बुलियंस ज्वैलर्स एसोसिएशन की तरफ से जारी रेट के अनुसार 16 मार्च 2026 को 24 कैरेट गोल्ड का रेट 156436 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। 27 मार्च 2026 को सोने का भाव लुढ़ककर 142942 रुपये के स्तर पर आ गया। यानी इस दौरान सोने की कीमतों में 13494 रुपये की गिरावट की आई है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी पिछले 10 दिनों के दौरान गिरावट दर्ज की गई है। 16 मार्च की सुबह 1 किलोग्राम चांदी का रेट 252793 रुपये था। 27 मार्च यानी शुक्रवार को यह घटकर 221647 रुपये के स्तर पर आ गया। यानी चांदी का दाम 31146 रुपये घट गया है।



### पिछले एक हफ्ते में क्या रही है स्थिति

एक बार फिर से तेजी देखने को मिल रही है। 23 मार्च की सुबह सोने का रेट 135141 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। सोमवार से शुक्रवार तक सोने की कीमतों में 8574 रुपये का इजाफा हुआ है। वहीं, चांदी का दाम इस दौरान 219260 रुपये से 6387 रुपये बढ़ा है।

**सोने और चांदी की कीमतों में क्यों दिखी पिछले हफ्ते तेजी:** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध की वजह से दुनिया भर में तेल का संकट खड़ा हो गया है। सप्लाई बाधित होने की वजह से कई देशों ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी की है। इन सबकी वजह से महंगाई बढ़ने की आशंका है। इसी वजह से एक बार निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ रहा है। बढ़ती खरीदारी ने सोने की कीमतों में तेजी लाई है।

**घरेलू स्तर पर बढ़ने वाला है डिमांड:** अगले कुछ दिनों में एक बार फिर से शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। जिससे घरेलू स्तर पर सोने और चांदी के डिमांड में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। ऐसे में उस दौरान सोने और चांदी का रेट बढ़ सकता है।

## अडानी ग्रुप की कंपनी ने सेना को सौंपा 2000 लाइट मशीन गन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की डिफेंस कंपनी के लिए आज एक बड़ा दिन है। ग्रुप की कंपनी ने शनिवार को 2000 'प्रहर' लाइट मशीन गन को इंडियन आर्मी को सौंप दिया। इस हैंडओवर से इंडियन आर्मी की ताकत में इजाफा होगा। बता दें, मौजूदा केंद्र सरकार का 'मेक इन इंडिया' पर जोर है। सरकार घरेलू स्तर पर डिफेंस सेक्टर में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। इस लिहाज से भी आज का दिन महत्वपूर्ण हो जाता है। अडानी डिफेंस एयरोस्पेस ने 7.62 एमएम की लाइट मशीन गन बनाई है। जिसे ग्वालियर के बाहर स्थिति कंपनी के कॉम्पलेक्स में तैयार किया गया है। शनिवार को कंपनी के कॉम्पलेक्स में एक कार्यक्रम



रखा गया इस कार्यक्रम में डीजी अधिग्रहण, रक्षा मंत्रालय ए अंबरासु और अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ सहित अन्य बड़े अधिकारी मौजूदा रहे। जहां पर इन लाइट मशीन गन को कंपनी ने सेना को हैंडओवर किया। बता दें, कार्यक्रम के बाद अंबरासु ने इन लाइट मशीन गन से भरे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तय समय से 11 महीने पहले हुई डिलीवरी पत्रकारों से बातचीत में कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने बताया, 'आज जहां हम पहुंचे हैं। इसकी यात्रा 6 साल पहले शुरू हुई थी। बोली लगाने से लेकर डिलीवरी तक में इतना समय लग गया। हमने तय समय से 11 महीने पहले यह डिलीवरी कर दी है। मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि अगले तीन साल में पूरा ऑर्डर डिलीवर हो जाएगा।' बता दें, कंपनी को कुल 40,000 लाइट मशीन गन बनाने का काम इंडियन आर्मी की तरफ से मिला है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM


किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।


क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)